# जागरण : सागर : दमोह : रायसेन : विदिशा

www.dainikjagranmpcg.com
राहतगढ़ • खुरई • पथरिया • सिलवानी • गैरतगंज • गंजबासौदा • सिरोंज • बीना • शमशाबाद
भोपाल 2 मई 2026


### मक्सी-उज्जैन में रेस्क्यू ऑपरेशन, 26 नाबालिग पुलिस ने ट्रेन से सुरक्षित उतारे, 100 की थी सूचना

# अंत्योदय एक्स. से हो रही थी कथित रूप से तस्करी सागर के सीडब्ल्यूसी, जेजेबी सदस्यों ने दी सूचना

**जागरण, सागर।** नाबालिगों की कथित तस्करी में जो जिम्मेदारी सागर और बीना जीआरपी नहीं कर सकी, उसे मक्सी और उज्जैन में पुलिस टीम ने अंजाम दिया। सूचना करीब 100 नाबालिगों को ले जाने की थी। संयुक्त ऑपरेशन में मक्सी-उज्जैन में अंत्योदय एक्सप्रेस से 26 नाबालिगों को रेस्क्यू किया है। सागर बाल आयोग के पूर्व सदस्य तथा सीडब्ल्यूसी, जेजेबी के सदस्यों ने सागर से बीना तक नाबालिगों को चिन्हित कर सूचना दी थी। जानकारी के मुताबिक जिला बाल कल्याण समिति को सूचना मिली थी कि करीब 100 बच्चों को मजदूरी के लिए मुजफ्फरनगर से अहमदाबाद ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही उज्जैन में चार थानों का बल, आरपीएफ, जीआरपी, श्रम विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम को अलर्ट किया गया। गुरुवार रात करीब 11 बजे जैसे ही अंत्योदय एक्सप्रेस मक्सी तथा उज्जैन स्टेशन पहुंची, टीम ने ट्रेन में सर्चिंग शुरू की। करीब आधे घंटे तक 50 से अधिक बच्चों और उनके साथ मौजूद लोगों से पूछताछ की गई जिसमें शुरुआती तौर पर 4 बच्चों को रेस्क्यू किया गया। इसी दौरान ट्रेन आगे बढ़ गई। रेस्क्यू ऑपरेशन का नेतृत्व कर रहीं सीएसपी दीपिका शिंदे ने तत्काल नागदा स्टेशन को सूचना देकर ट्रेन रुकवाई। वहां एक घंटे तक चली सर्चिंग के बाद 22 और नाबालिग बच्चों को ट्रेन से उतारा गया। इस तरह कुल 26 बच्चों को रेस्क्यू किया गया। गौरतलब है कि इस तरह का यह पहला मामला आया है। जहां बच्चों को ले जाया जा रहा था।



### 100 नाबालिगों को ले जाने की थी तैयारी सागर-बीना पुलिस रही पूरी तरह विफल

### गुजरात भेजा जा रहा था: ओमकार सिंह

बाल आयोग के पूर्व सदस्य ओमकार सिंह ने बताया कि उन्हें विश्वस्त सूत्रों से सूचना मिली थी कि अंतोदय एक्सप्रेस द्वारा लगभग 100 नाबालिगों को संदिग्ध परिस्थितियों में सागर से गुजरात ले जाया जा रहा है। इसे लेकर सागर एवं बीना स्टेशन पर जानकारी दी लेकिन कार्यवाही नहीं हो पाई। आशंका थी कि इतनी बड़ी संख्या में बच्चों का इस तरह जाना बड़े गिरोह का काम हो सकता है। अगर सागर-बीना पुलिस कार्यवाही में तत्परता दिखाती तो 100 बच्चे सागर या बीना में सुरक्षित निकाले जा सकते थे। समिति के सदस्यों, सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा सागर से बीना तक सवार होकर खुद उन बच्चों को चिंहित किया गया था। वहीं दूसरी ओर उज्जैन पुलिस के पास चिन्हित बच्चों की जानकारी नहीं जिसके कारण केवल 26 बच्चे ही मिल सके। सागर से बीना स्टेशन तक कि गई कार्यवाही में किशोर न्यायालय बोर्ड की सदस्य वंदना तोमर, चंद्रप्रकाश शुक्ला, बाल कल्याण समिति के सदस्य भगवतशरण बनवारिया, अनिल रैकवार, सुरेंद्र सेन, केएसएस से लक्ष्मी अवस्थी, हरनाम सिंह, प्रशांत सेन, संकल्प संस्था से देवेंद्र दुबे, आवास संस्था से मालती पटैल सहित अन्य सामाजिक कार्यकर्ता शामिल रहे।

### मामले में फिलहाल जांच जारी

नागदा से उतारे गए सभी बच्चे नाबालिग बताए जा रहे हैं जिनमें से दो की उम्र 14 साल से भी कम है। सभी बच्चों को फिलहाल उज्जैन जीआरपी को सौंप दिया गया है। परिजनों से संपर्क कर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। वहीं बच्चों को फिलहाल उज्जैन में रखा जाएगा। पुलिस को आशंका है कि बच्चों को मजदूरी के लिए गुजरात ले जाया जा रहा था। हालांकि कुछ बच्चे सोमनाथ और अन्य स्थानों पर घूमने जाने की बात भी कह रहे हैं। मामले की जांच जारी है।

### सदस्य पहुंचे थे स्टेशन

सीडब्ल्यूसी, किशोर न्यायालय बोर्ड के सदस्यों तथा कुछ सामाजिक कार्यकर्ता सागर स्टेशन पहुंचे था जहां देखा गया कि अलग-अलग बोगियों में नाबालिग बैठे हुए हैं। इनके साथ कोई अभिभावक या जिम्मेदार व्यक्ति नहीं था। जब सागर जीआरपी से इन बच्चों को स्टेशन पर उतारने की बात कही गई थी जीआरपी द्वारा समय का अभाव एवं पुलिस बल न होने की बात कहते हुए कार्यवाही से अपना हाथ खींच लिया। तब यह सभी ट्रेन में सवार होकर नाबालिगों के साथ बीना स्टेशन रवाना हो गए लेकिन बीना में भी कोई कार्यवाही नहीं हो पाई।

### तीन संदिग्ध असामाजिक तत्वों को पुलिस ने धर-दबोचा, भेजा जेल



**जागरण, सागर।** मोतीनगर पुलिस ने शहर में शांति और कानून-व्यवस्था को चुनौती देने वाले तीन संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। गश्त के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि कुछ व्यक्ति संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहे हैं। तत्परता दिखाते हुए मोतीनगर पुलिस ने तुरंत दबिश दी और लकी कोरी पिता बालकिशन कोरी उम्र 23 वर्ष निवासी इतवारी टोरी, निखिल पिता मनोज बंशल उम्र 21 वर्ष निवासी ग्यादीन तिगड्डा और सोनू पिता राजकुमार रजक उम्र 23 वर्ष निवासी संत कबीरराम वार्ड को पकड़ लिया।

आरोपियों के विरुद्ध धारा 170 बीएनएस के तहत निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय के आदेशानुसार सभी आरोपियों को जेल वारंट प्राप्त होने के उपरांत केंद्रीय जेल सागर दाखिल कर दिया गया है। गौरतलब है कि शहर में असामाजिक तत्वों का ग्राफ लगातार बढ़ता जा है और वे अपनी कारगुजारियों को खुलेआम अंजाम दे रहे हैं। अभी कुछ दिनों पहले भी कुछ असामाजिक तत्वों ने शहर के बीचोंबीच गुजराती बाजार में आम लोगों पर कटर से हमला किया था। पुलिस ने उन्हें पकड़ा था।

## रहली और गढ़ाकोटा में अवैध सिंचाई पर प्रतिबंध

### अवैध सिंचाई के कारण नदी का जल स्तर लगातार गिरता जा रहा है

**जागरण, सागर।** जिला प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकाल में संभावित पेयजल संकट को दृष्टिगत रखते हुए जिले की रहली एवं गढ़ाकोटा तहसील में आगामी ग्रीष्मकाल के समाप्त होने तक जल का भण्डार सुरक्षित बनाये रखने हेतु ग्रीष्मकाल में पेयजल संकट रोकने के लिए अवैध सिंचाई पर प्रतिबंध लगाया है। रहली एवं गढ़ाकोटा में फिल्टर प्लांट से एवं गढ़ाकोटा में मोठार डेम से नदी के किनारे दोनों तरफ 5 किमी ऊपर तक अवैध सिंचाई के कारण नदी का जल स्तर लगातार गिरता जा रहा है। आगामी ग्रीष्मकाल में पेयजल संकट की समस्या को दृष्टिगत रखते हुये अवैध सिंचाई के कारण निकट भविष्य ग्रीष्मकाल में रहली एवं गढाकोटा में जल संकट की स्थिति उत्पन्न होना संभावित है। भावी पेयजल संकट को दृष्टिगत रखते हुए मध्यप्रदेश पेयजल परीरक्षण अधिनियम 1986 तथा संशोधित अधिनियम 2002 के प्रावधानों के तहत रहली में फिल्टर प्लांट से एवं गढ़ाकोटा में मोठारडेम से सुनार नदी के किनारे पानी के अन्य उपयोग पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई है। उपरोक्त आदेश का उल्लंघन किये जाने पर उक्त अधिनियम की धारा 9 के तहत दण्डात्मक कार्यवाही की जावेगी। उक्त आदेश तत्काल प्रभाव से आगामी आदेश जारी होने तक लागू रहेगा।

### दवा विक्रेता पदाधिकारी की बैठक, दिए निर्देश

**जागरण, सागर।** सिटी मजिस्ट्रेट गगन विशेन एवं सीएसपी ललित कश्यप ने जिले के दवा विक्रेता पदाधिकारी की बैठक आयोजित कर आवश्यक निर्देश दिए। सिटी मजिस्ट्रेट ने निर्देश दिए कि जिले में कहीं भी नशा से संबंधित दवाओं का वितरण डॉक्टर की पर्ची के बगैर ना हो एवं सभी दवाओं का रिकार्ड संधारित किया जावे। जिन मेडिकल स्टोर से अत्यधिक नशा की दवाई का विक्रय किया जा रहा है उसकी जानकारी एवं अत्यधिक मात्रा से ज्यादा डॉक्टर द्वारा लिखी जाने वाली नशा युक्त दावों की जानकारी भी प्रस्तुत करें जिससे कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने बताया कि कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि कहीं भी बगैर पर्ची की दवाओं का वितरण न किया जाए। सीएसपी ने कहा कि सभी दुकानदार अपने दुकानों के बाहर सीसीटीवी कैमरे लगाए जिससे आवश्यकता पड़ने पर परीक्षण किया जा सके और कार्यवाही भी सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि दुकानों पर दवा स्टॉक का पूरा रिकार्ड संधारित करें। इस अवसर पर औषधि निरीक्षक सोनम जैन, औषधि निरीक्षक मनीष सुमन सहित सभी दवा विक्रेता पदाधिकारी मौजूद थे।

## वरिष्ठ कांग्रेसजनों की मौजूदगी में पार्टी गाइडलाइन पर मंथन



**जागरण, सागर।** जिला शहर एवं ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा निर्देशित संगठनात्मक कार्यों और जिले की भावी रणनीतियों पर विचार विमर्श करने जिला समन्वय समिति की बैठक का आयोजन कांग्रेस कार्यालय राजीव गांधी भवन में किया गया। जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेश जाटव एवं ग्रामीण कांग्रेस के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह मोहासा के आह्वान पर आयोजित जिले की इस बैठक का मूल उद्देश्य जिला एवं ब्लाक कमेटियों का गठन और मंडलम का गठन तथा बी एल ए. 2 के गठन की स्थिति एवं जिले में समन्वय समिति के अंतर्गत अनुशासन समिति का गठन तथा जिले में प्रकोष्ठ विभाग के रिक्त पदों पर नियुक्ति को लेकर विचार रखे गए। बैठक में प्रभारी के रूप में पधारे मनोज कपूर ने कांग्रेस अध्यक्षों एवं मोर्चा प्रकोष्ठ के अध्यक्षों से कार्यकारिणी गठन करने की बात कही तथा संगठन सृजन अभियान के तहत शहर और ग्रामीण की अध्यक्षों का जो कार्यकाल रहा उसकी उन्होंने सराहना की।

### अनुशासनहीनता नहीं की जाएगी बर्दाश्त

उन्होंने भाजपा के जनप्रतिनिधियों की एवं प्रशासनिक अधिकारियों की निष्क्रियता तथा बढ़ती महंगाई एवं किसानों की समस्याओं को दूर करने और अधिक मजबूती से कार्य करने पर जोर दिया। महेश जाटव ने कहा कि अनुशासनहीनता कतई बर्दास्त नहीं की जाएगी। जो मोर्चा प्रकोष्ठ या विभाग लगातार अनुपस्थित रहेंगे उनकी जानकारी पीसीसी भेजी जाएगी। वहीं ग्रामीण अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह मुहासा ने कहा कि संगठन विरोधी गतिविधियों में शामिल लोगों पर अनुशासनहीनता की कार्रवाई होगी। प्रदेश महासचिव रेखा चौधरी ने महिलाओं की भागीदारी पर जोर दिया। बैठक को सुरेंद्र सुहाने, सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे, आशीष ज्योतिषी आदि ने भी संबोधित किया।

### एमपी ट्रांसको के टेस्टिंग विंग में व्हाट्सऐप किया बंद

**जागरण, सागर।** मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी एमपी ट्रांसको में 1 अप्रैल से मध्य प्रदेश में परीक्षण एवं संचार टेस्टिंग विंग के अंतर्गत सभी आधिकारिक संदेशों के संचार के लिए व्हाट्सएप का उपयोग पूर्णतः बंद कर दिया गया है। मुख्य अभियंता राजीव अग्रवाल की पहल एवं निर्देश पर मध्यप्रदेश के सभी 417 सब स्टेशनों, संभागीय एवं वृत स्तर के साथ-साथ मु य अभियंता कार्यालय के व्हाट्सएप ग्रुपों को स्वदेशी आराताई ऐप पर स्थानांतरित कर दिया गया है। इस व्यवस्था के तहत अब व्हाट्सएप ग्रुप अथवा व्यक्तिगत व्हाट्सएप संदेशों के माध्यम से की गई किसी भी प्रकार की सूचना या संवाद को मान्य नहीं माना जाएगा। यहां तक कि व्हाट्सएप के माध्यम से की जाने वाली रिपोर्टिंग को भी रिपोर्ट न करने की श्रेणी में रखा जाएगा।

## निगम के छह कर्मचारी सेवानिवृत्त किया गया समारोहपूर्वक सम्मान



**जागरण, सागर।** नगर निगम की विभिन्न शाखाओं में कार्यरत 6 कर्मचारियों के सेवानिवृत्त होने पर निगम सभाकक्ष में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार, निगमायुक्त राजकुमार खत्री सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। स मान समारोह के दौरान जलप्रदाय शाखा के उपयंत्री रामाधार तिवारी, राजेश नरयावरे, चंद्रशेखर साहू, देवीप्रसाद तिवारी, सफाई संरक्षक ममता विनोद, कुसुम रमेश सहित सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों का पुष्पहार पहनाकर एवं शॉल-श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। उनके दीर्घकालीन सेवाकाल एवं योगदान की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने कहा कि इन कर्मचारियों ने लंबे समय तक निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य किया है। उनके अनुभव और कार्यशैली ने विभाग को मजबूती प्रदान की है।

## पुलिस ने दो आरोपियों से की अवैध शराब जब्त, जमकर चल रहा है काला कारोबार

### बिना नंबर की गाड़ी को घेराबंदी कर सात पेटी अवैध शराब बरामद की

**जागरण, गौरझामर।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नाहरमऊ में अवैध शराब परिवहन किया जा रहा था जो मोटरसाइकिल बिना नंबर की गाड़ी को घेराबंदी कर 7 पेटी अवैध शराब बरामद की गई है। मौके से दो आरोपी को गिर तार किया है। पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम नाहरमऊ में बिना नंबर की मोटरसाइकिल वाहन से अवैध शराब का परिवहन किया जा रहा था। पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि नाहरमऊ गांव में अवैध शराब लाई जा रही है जो गांव में घेराबंदी कर आरोपी की मोटरसाइकिल रुकी गई जिसमें आरोपियों की पहचान रामलखन उर्फ बड़े पिता राजधर यादव निवासी नाहरमऊ एक नाबालिग आरोपी के रूप में हुई है। दोनों आरोपियों पर आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय पेश किया गया। इस संबंध में थाना प्रभारी नासिर फारूकी ने कहा कि ग्राम नाहरमऊ में लगातार अवैध शराब की शिकायत मिल रही थी। दो आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। क्षेत्र में लगातार अवैध शराब के खिलाफकार्रवाई की जा रही है।




## रहली और गढ़ाकोटा में अवैध सिंचाई पर लगाया प्रतिबंध

**जागरण, सागर।** जिला प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकाल में संभावित पेयजल संकट को दृष्टिगत रखते हुए जिले की रहली एवं गढ़ाकोटा तहसील में आगामी ग्रीष्मकाल के समाप्त होने तक जल का भण्डार सुरक्षित बनाये रखने हेतु ग्रीष्मकाल में पेयजल संकट रोकने के लिए अवैध सिंचाई पर प्रतिबंध लगाया है।

रहली एवं गढ़ाकोटा में फिल्टर प्लांट से एवं गढ़ाकोटा में मोठार डेम से नदी के किनारे दोनों तरफ 5 किमी ऊपर तक अवैध सिंचाई के कारण नदी का जल स्तर लगातार गिरता जा रहा है। आगामी ग्रीष्मकाल में पेयजल संकट की समस्या को दृष्टिगत रखते हुये अवैध सिंचाई के कारण निकट भविष्य ग्रीष्मकाल में रहली एवं गढाकोटा में जल संकट की स्थिति उत्पन्न होना संभावित है। भावी पेयजल संकट को दृष्टिगत रखते हुए मध्यप्रदेश पेयजल परीरक्षण अधिनियम 1986 तथा संशोधित अधिनियम 2002 के प्रावधानों के तहत रहली में फिल्टर प्लांट से एवं गढ़ाकोटा में मोठारडेम से सुनार नदी के किनारे पानी के अन्य उपयोग पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई है।

उपरोक्त आदेश का उल्लंघन किये जाने पर उक्त अधिनियम की धारा 9 के तहत दण्डात्मक कार्यवाही की जावेगी। उक्त आदेश तत्काल प्रभाव से आगामी आदेश जारी होने तक लागू रहेगा। गौरतलब है कि अप्रैल माह से ही शहर में भी जल संकट की स्थिति पैदा होने लगी है। टाटा कंपनी की निष्क्रियता पूरी तरह सामने आ रही है। कंपनी ने सप्लाई में अब तो समय भी कम कर दिया है।

**प्रशासनिक**

### 30 मई तक चलेगा जनगणना का अभियान

## मकान गणना का काम प्रारंभ, प्रगणकों ने संभाला मोर्चा

**जागरण,सागर।** जनगणना महाभियान के अंतर्गत कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी प्रतिभा पाल के मार्गदर्शन में जिले में मकान गणना का कार्य 243 से अधिक प्रगकणों द्वारा मकान गणना का कार्य शुरू किया गया। प्रतिभा पाल ने बताया कि 1 मई से 30 मई तक मकान गणना का कार्य किया जाना है जिसके अंतर्गत जिले में चार हजार पांच सौ से बनाए गए हैं जिनमें नगर निगम की 438 एचएलबी एवं 18 ग्रामीण एवं 14 नगरीय चार्ज अधिकारियों के 4362 मकान सूचीकरण ब्लॉक एचएलबी पर कार्य किया जाना है। जिनके लिए 5370 प्रगणक एवं 1000 सुपरवाइजर तैनात किए गए हैं।



मध्यप्रदेश जनगणना निदेशालय से आए पवन मिश्रा ने बताया कि सभी प्रगकणों द्वारा 1 मई को मकान सूचीकरण एवं मकान गणना ऐप डाउनलोड किया जाना है जिसमें जिले की सभी प्रगकणों के द्वारा ऐप को डाउनलोड किया जा रहा है। अपर कलेक्टर अविनाश रावत ने बताया कि जिले की सभी 33 चार्ज अधिकारियों द्वारा अपने-अपने चार्ज क्षेत्र में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसी प्रकार जिला स्तर पर भी कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही जिले में मकान सूचीकरण एवं मकान गणना का कार्य 5370 से अधिक प्रगकणों द्वारा कार्य प्रारंभ होगा। कलेक्टर ने जिलेवासियों से अपील की है कि आपके घर मकान पर आने वाले प्रकरणों को मध्य प्रदेश जनगणना निदेशालय के अनुसार पूछे जाने वाले 33 प्रश्नों का उत्तर प्रदान करेंगे एवं मकान गणना का कार्य में सहयोग करेंगे। उन्होंने बताया कि जनगणना के अंतर्गत मकान करना एवं सूचीकरण के कार्य में सहयोग प्रदान कर कार्य को सफल बनाएं। उन्होंने सभी जिले वासियों से अपील भी की है कि सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की भ्रामक जानकारी प्राप्त होने पर संबंधित चार्ज अधिकारी अपने प्रकरण को से संपर्क करें और भ्रामक जानकारी से दूर रहें। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया पर चलने वाली एवं सहित अन्य प्रकार की भ्रामक जानकारी के लिए जिला स्तर पर सोशल मीडिया सेल का गठन किया गया है जो लगातार कार्य कर रहा है।

**कंट्रोल रूम में ड्यूटी निर्धारित:** जनगणना कार्यों के सुचारू संचालन के लिए जिला कार्यालय सागर में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आगामी आदेश तक कंट्रोल रूम में ड्यूटी हेतु नियुक्त किया गया है। कंट्रोल रूम का संचालन प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से सायं 6 बजे तक किया जाएगा। कंट्रोल रूम का दूरभाष नंबर 07582-223045 निर्धारित किया गया है तथा इसके प्रभारी के रूप में अखिलेश मिश्रा को जि मेदारी सौंपी गई है। विभिन्न अधिकारियों को सागर नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों सहित रहली, बंडा, देवरी, शाहगढ़, बीना, गढ़ाकोटा, केसली आदि क्षेत्रों के लिए चार्ज सौंपा गया है। संबंधित अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में जनगणना कार्यों की निगरानी एवं समन्वय सुनिश्चित करेंगे। कंट्रोल रूम प्रभारी द्वारा प्रतिदिन कार्यों की प्रगति से अवगत कराते हुए आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे।

## विद्यालयों में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से किसी हाल में नहीं करें समझौता: वर्मा

### सागर संभाग के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक में अपर संचालक के निर्देश



**जागरण, सागर।** विगत दिवस संभाग के 6 जिलों के शासकीय हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों में समग्र शिक्षा अभियान एवं पीएमश्री योजना अंतर्गत कराए जा रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक अपर संचालक लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल डॉ मनीष वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस बैठक में संयुक्त संचालक एसपी सिंह बिसेन, सहायक संचालक एम.कुमार एवं सभी जिलों के जिला शिक्षा अधिकारी, एडीपीसी, सहायक यंत्री, उप यंत्री व संबंधित विकासखंड शिक्षा अधिकारियों ने भाग लिया। समीक्षा करते हुए डॉ.वर्मा ने सत्र 22-23 से सत्र 25-26 तक समग्र शिक्षा अभियान एवं पीएम श्री योजना अंतर्गत स्वीकृत निर्माण कार्यों का जिला व विकासखंड स्तर से सतत रूप से मॉनिटरिंग करने हेतु डीईओ, एडीपीसी, सहायक यंत्री एवं उपयंत्री को निर्देशित करते हुए कहा कि विद्यालयों में प्रचलित सभी निर्माण कार्य निर्धारित समयावधि में गुणवत्तायुक पूर्ण कराएं। इसके लिए संबंधित निर्माण एजेंसी पीआईयू एवं आरईएस इत्यादि के अधिकारियों के साथ भी संपर्क कर कार्यों के गतिरोध दूर कराए जावें।

## न्यूज कार्नर

### बाल्यकाल में बोया बीज जीवन भर देता है फल



**हटा।** हटा में सर्व ब्राह्मण समाज धर्मशाला में आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के दौरान कथा व्यास पंडित वीरेंद्र शास्त्री जी महाराज ने अपने प्रवचनों से श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक संदेश दिया। उन्होंने कहा कि सच्ची भक्ति का बीजारोपण बाल्यावस्था में ही होना चाहिए क्योंकि यही वह समय होता है जब मन निष्कलुषए निर्मल और सहज रूप से भगवान के प्रति समर्पित रहता है। उन्होंने बताया कि बाल्यकाल में दिए गए संस्कार जीवनभर मनुष्य का मार्गदर्शन करते हैं। यदि इस अवस्था में बच्चों को धर्म, भक्ति, सत्संग और श्रीहरि के नाम का संकीर्तन सिखाया जाए तो उनका जीवन सदैव कल्याणकारी और धर्ममय बनता है। उन्होंने अभिभावकों से आह्वान किया कि वे अपने बच्चों को प्रारंभ से ही ईश्वर भक्ति और नैतिक मूल्यों से जोड़ें। कथा के दौरानशास्त्री ने ध्रुव कुमार की कथा का वर्णन करते हुए बताया कि पांच वर्ष की आयु में ही ध्रुव ने माता और गुरु नारद जी की आज्ञा का पालन करते हुए यमुना तट पर कठोर तपस्या की। मात्र पांच माह में भगवान श्रीहरि के दर्शन प्राप्त कर उन्होंने मनोवांछित वर पाया।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास पड़ी वृद्ध महिला

**पथरिया।** इंसानियत को शर्मसार कर देने वाला एक दृश्य दमोह जिले के बटियागढ़ में देखने को मिल रहा है। एक लावारिस वृद्ध महिला जो न बोल सकती है और न खुद का बचाव कर सकती हैए पिछले सात दिनों से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास बने एक चबूतरे को अपना घर बनाए हुए है। गंदगी, बदबू और पैरों के जख्मों से जूझ रही इस महिला की सुध लेने वाला कोई नहीं है। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन को इसकी जानकारी है लेकिन श्सरकारी संवेदनहीनता के कारण अब तक कोई मदद नहीं पहुंची। सरकारी योजनाओं के वादे यहां दम तोड़ते नजर आ रहे हैं।

## दुर्घटनाओं को देखते हुए इस दिशा में एक ऐसा अभियान या जनजागरुकता कार्यक्रम चलाएं, जिससे समाज में सकारात्मक बदलाव आए : कलेक्टर

# सागर-जबलपुर मार्ग पर निर्माणाधीन बस स्टैंड के पास दोनों ओर से अतिक्रमण हटाएं

**जागरण दमोह।** जिले में हो रही दुर्घटनाओं के मद्देनजर कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने जिला कार्यालय सभाकक्ष में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली। उन्होने कहा दुर्घटनाओं को देखते हुये इस दिशा में एक ऐसा अभियान या जनजागरूकता कार्यक्रम चलाना चाहिए जिससे समाज में सकारात्मक बदलाव आए। उन्होंने विशेष रूप से माताओं और बहनों को इस अभियान में अपनी सहभागिता निभाने की बात कही है। कलेक्टर यादव ने कहा किसी भी प्रकार की दुर्घटना न केवल व्यक्ति को बल्कि उसके पूरे परिवार को प्रभावित करती है। इस समस्या के समाधान के लिए एक ठोस कार्ययोजना बनाने पर जोर दिया जाना चाहिये ताकि भविष्य में होने वाली दुर्घटनाओं को रोका जा सके। कलेक्टर ने कहा एनालिसिस के बाद यह बात सामने आई है कि ऐसे एक्सीडेंट्स क्यों होते हैं जो सामाजिक त्रुटि के कारण या लापरवाही के कारण अन्यए कारणों से जो एक्सीडेंट होते हैं उनको छोड़कर पहले सड़क वाले पार्ट को कवर कर लिया जाये। डिजाइन ऐसी दें कि ब्लैक स्पॉट न बने। कहां स्पीड ब्रेकर की आवश्यकता हैं कहां टर्निंग कितनी होनी चाहिए कितना घुमाव रोड में होना चाहिए इन सब बातों को ध्यान में रखा जाये। बैठक में बताया गया पहले 12 ब्लेक स्पॉट थे अब बढ़कर 14 ब्लेक स्पॉट हो गये हैं। कलेक्टर ने कहा इसे प्रकॉशन में लिया जाये और हेलमेट अनिवार्य रूप से लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जाए इसमें चेकिंग भी की जानी चाहिये। एमपीआरडी ने बताया 7 ब्लेक स्पॉट हैए कलेक्टर ने शॉर्ट टाईम में कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा लॉग टर्म की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। मार्गो की ऐसी डिजायन तैयार हो जिससे दुर्घटना की संभावना न्यून रहे। उन्होंने कहा राहवीर योजना का प्रचार.प्रसार सुनिश्चित किया जाये। कलेक्टर ने सागर-जबलपुर मार्ग पर निर्माणधीन बस स्टेण्ड के पास हो रहे अतिक्रमण को हटाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। बैठक में अपर कलेक्टर मीना मसराम, डिप्टी कलेक्टर रचना प्रजापति, परिवहन अधिकारी क्षितिज सोनी, यातायात निरीक्षक दलबीर सिंह मार्को, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आरके अठ्या, लोनिवि कार्यपालन यंत्री अठ्या एमपीआरडीसी के अधिकारीगण मौजूद थे।



### नगर की नालियां जाम, सड़कों पर बह रहा गंदा पानी

**हटा।** नगरपालिका की सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। शहर के विभिन्न वार्डों में नालियां गंदगी से सराबोर हैं और नियमित सफाई नहीं होने के कारण स्थिति दिन व दिन बिगड़ती जा रही है। जगह-जगह कचरे के ढेर लगे हैं और अधिकांश नालियां जाम पड़ी हुई हैं जिससे गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। मानसून से पहले व्यापक सफाई के निर्देश जारी किए गए थे लेकिन जमीनी स्तर पर उनका असर दिखाई नहीं दे रहा। नागरिकों का कहना है कि पिछले तीन महीनों से कई इलाकों में नालियों की सफाई नहीं की गई है। खासकर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया क्षेत्र, नवोदय वार्ड और शास्त्री वार्ड में हालात बेहद खराब हैं। स्थिति को और चिंताजनक बनाता है कि कई जगहों पर पेयजल सप्लाई के पाइप इन्हीं नालियों के बीच से गुजारे गए हैं। पाइपलाइन में लीकेज होने की स्थिति में नालियों का दूषित पानी घरों तक पहुंचने का खतरा बना हुआ है जिससे स्वास्थ्य संबंधी गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। नालियां जाम होने के कारण जैसे ही पानी सप्लाई शुरू होती है, गंदा पानी उफान मारकर सड़कों पर फैलने लगता है। इससे न केवल आवागमन प्रभावित हो रहा है बल्कि दुर्गंध और मच्छरों के प्रकोप से लोगों का जीना भी मुश्किल हो गया है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से जल्द से जल्द सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने और नालियों की नियमित सफाई सुनिश्चित करने की मांग की है।

## मड़ावन पायक के गुरुजी का बेदाग सफर पूरा, दी विदाई




**जागरण, बरौदिया कलां।** आज 28 साल की निष्कलंक सेवा के बाद श्री विजय सिंह जाट प्राथमिक शिक्षक शाण् प्राण् शाला मड़ावन पायक सेवानिवृत्त हो गए एवं पूरा गांव और शाला परिवार भावुक हो उठा काम से काम नाम से नहीं इस मंत्र को जीने वाले 28 साल बेदाग 1998 से 2026 तक न एक दिन का दाग, न एक शिकायत हजारों बच्चों को अक्षर से संस्कार तक का सफर कराया। ब्लैकबोर्ड के हीरो, आज असली हीरो बनकर विदा हुए। शिक्षक सिपाही

क्लास में गुरुजी, जनगणना में सिपाही। एसआईआर सर्वे में आंखों की रोशनी कम होने के बावजूद सर्वश्रेष्ठ कार्य किया। चुनाव हो या राष्ट्रीय सर्वे, हर सरकारी ड्यूटी को विजय सिंह जाट ने राष्ट्र सेवा मानकर निभाया। इनका रजिस्टर जितना साफ इनका रिकॉर्ड उतना ही बेदाग गांव की जुबान पर एक ही बात जाट सर जैसा कोई नहीं 28 साल में न किसी से कहा.सुनी, न मनमुटाव जूनियर टीचर के लिए बड़े भाई, बच्चों के लिए दूसरे पिता रूप में कार्य किया अपने भाषण में विदाई में भी जीता दिलनम आंखों से जाट जी बोले सेवा से निवृत्त हो रहा हूँ रिश्तों से नहीं। यह शाला मेरा परिवार है, बच्चे मेरे अपने हैं।

इस अवसर प्राचार्य बीएस लोधी, सरपंच भरत तिवारी रामानंद शर्मा कृष्ण कुमार पटेरिया विजय सिंह गौड़ बृजेश कौशिक कु.रूपाली तिलेश्वर अभिषेक कौशिक स्वप्निल जैन अनवर खान मंसूरी अभिषेक सिंह ठाकुर राम चौरसिया राम नारायण यादव धनीराम चढ़ार समेत पूरा स्टाफए जन शिक्षा केंद्र बरोदिया कला एवं सैकड़ों ग्रामवासी मौजूद रहे

## अपने कार्य के प्रति सजग नहीं जल निगम के अधिकारी

**पथरिया।** दमोह जिले की पथरिया ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत सीता नगर की सुनार नदी पर सिंचाई परियोजना जिसकी लागत करीब 518 करोड़ रुपए थी एवं इसके अलावा बांध के लिए और भी राशि बढ़ाई गई थी लेकिन जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को भ्रष्टाचार कर अधिक मुनाफा करने के लालच में बांध से जुड़ी हुई सुरक्षा बलों के लिए भी करीब 12 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृति करवा ली गई। बांध निर्माण प्रारंभ से लेकर नदी के दोनों ओर प्रोटेक्शन वालों सुरक्षा बालो निर्माण में मतलब किसानों हितैशी परियोजना में गुणवत्ताहीन सामग्री व मानको के विपरीत उक्त विभाग द्वारा अत्यधिक भ्रष्टाचार किया गया था और परियोजना के बांध स्थल के समीप व अन्य जगहों पर जल निगम द्वारा नल जल योजना का कार्य प्रगति पर चल रहा है, पेयजल सप्लाई करने के लिए करोड़ों रुपए की लागत से बहुत बड़ा वाटर फिल्टर का निर्माण कार्य चल रहा है जिसमें जल निगम के अधिकारी भ्रष्टाचार करने में कहा पीछे रहने वाले थे इसलिए निर्माण एजेंसी से घटिया सामग्री का उपयोग कर जिम्मेदार उपयंत्री व अन्य नियुक्त अधिकारी नदारत रहते है और न ही उनकी उपस्थिति पंजी. रजिस्टर में क्रमबद्ध हस्ताक्षर है जिससे ऐसा साबित हो रहा है कि अधिकारी अपने कार्य के प्रति जरा भी सजग नहीं केवल भ्रष्टाचार करने के लिए पैदा हुए है।

**कार्यस्थल पर बने लैब टेस्ट की**

कुछ मशीने भी खराब स्थिति में मिली, कार्यस्थल के चारों ओर रखी घटिया सामग्री ईट-रेत, निर्माण एजेंसी के कर्मचारियों से जब मीडिया द्वारा जांच करने को कहा गया तो लैब परीक्षण में विशेषता अनुपयुक्त निकली निर्माण एजेंसी के कर्मचारियों द्वारा उस सामग्री को रिजेक्ट करने की बात कही गई लेकिन सूत्रो की माने तो लंबे समय से स्तरहीन सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। उक्त गंभीर विषय पर सीता नगर के लखन पटेल सचिन पटेल मानक, बबलू द्वारा शासन से निष्पक्ष जांच की गुहार लगाई जा रही है।

## वैशाख बुद्ध पूर्णिमा पर किया घर-घर गायत्री महायज्ञ

**जागरण हटा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के आवाहन पर गृहे गृहे गायत्री महायज्ञ अभियान के अंतर्गत विश्व शांति एवं सकारात्मक ऊर्जा के संचार के लिए आज प्रातःकाल 8 से दोपहर 12 बजे तक गायत्री साधकों ने अपने अपने घरों में एक कुंडीय गायत्री हवन संपन्न किया। गायत्री शक्तिपीठ हटा, प्रज्ञापीठ तेवरईया एवं मड़ियादो सहित तहसील के सभी सक्रिय कार्यकर्ताओं ने उत्साह पूर्वक भागीदारी निभाते हुए स्वयं अपने घर में तो यज्ञ किया ही साथ में अन्य श्रद्धालुओं के घर में भी हवन करवाया। तहसील के 825 घरों में गायत्री हवन सम्पन्न हुआ। गायत्री परिवार के कर्मकाण्ड प्रशिक्षक पंडित दिनेश दुबे



ने बताया ग्रामीण क्षेत्रों में भी विशेष उत्साह देखा गया। जहां बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने श्रद्धा और भक्तिभाव पूर्वक यज्ञ सम्पन्न किया। युवाओं ने इस इस आयोजन को डिजिटल माध्यम से भी जोड़कर एक ही समय पर यज्ञ में सहभागिता की। यह आयोजन केवल धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि समाज को एक सूत्र में पिरोने, मानवता के उत्थान और विश्व शांति का एक प्रेरणादायक प्रयास है। यज्ञ में प्रयुक्त जड़ी बूटियों से निर्मित हवन सामग्री एवं गाय का घी जब यज्ञाग्नि में आहुति के रूप में समर्पित होता है तो वातावरण में परिवर्तन होता है इससे वायु शुद्ध होती है, हानिकारक जीवाणुओं का नाश होता है, वातावरण को प्रदूषण मुक्त करने में सहायक बनता है, सकारात्मक ऊर्जा का निर्माण करता है। यह ऊर्जा मानसिक तनाव को कम करने, एकाग्रता बढ़ाने आत्मिक शांति प्रदान करने में सहायक होती है। समाज में इस आयोजन से लोगों में संयम सेवा और सदाचार की प्रेरणा प्राप्त होती है। इन्हीं अगणित लाभों के कारण इस प्रयोग को गायत्री परिवार द्वारा लगातार 2019 से आठवीं बार किया गया है।

### कार ने बाइक चालक को मारी टक्कर

**बीना जागरण।** रिफायनरी में काम करने जा रहे एक व्यक्ति की बाईक को कार चालक ने टक्कर मार दी। जिसकी शिकायत उसने आगासौद थाने में दर्ज कराई है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार खुरई निवासी व्यक्ति रिफायनरी में कार्य करता है और बीते दिन वह खुरई से रिफायनरी काम करने अपनी बाईक से जा रहा था। तभी कठाई गांव के पास एक तूफान कार के चालक ने पीछे से टक्कर मार दी। जिससे उसे चोटें आई हैं। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### खिमलासा में 125 विद्यार्थियों को मिली निःशुल्क साइकिलें



**बीना जागरण।** खिमलासा स्थित पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को कक्षा 6वीं और 9वीं के विद्यार्थियों के लिए निशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन के साथ हुई। इस दौरान लगभग सवा सौ विद्यार्थियों को साइकिलें वितरित की गईं। साइकिल पाकर बच्चों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। जनपद सदस्य धन्ना लाल सैन ने बताया कि सरकार द्वारा विद्यार्थियों को साइकिल सहित अन्य सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं, जिससे कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे और समय पर विद्यालय पहुंच सके। कार्यक्रम में खिमलासा सरपंच अशोक साहू ने बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में मेहनत करने और उज्ज्वल भविष्य बनाने के लिए प्रेरित किया।

वहीं प्राचार्य एस.के. अहिरवार ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें निरंतर पढ़ाई के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर पूर्व प्राचार्य आर.एस. राजपूत, उमेश श्रीवास्तव, उपेंद्र चढ़ार, वीर सिंह कुशवाहा सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### सट्टा पर्ची लिखते एक गिरफ्तार

**जागरण, इटारसी।** थाना पथरौटा पुलिस ने अवैध सट्टा कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को रंगे हाथों पकड़ा है।

## स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत नपाध्यक्ष ने किया नगर के वार्डों का निरीक्षण



**बीना जागरण।** नगर में स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 की तैयारियों ने गति पकड़ ली है। इसी क्रम में गुरुवार को शिवाजी वार्ड एवं सुभाष वार्ड में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया। अभियान के दौरान नपाध्यक्ष लता सकवार ने न केवल वार्ड की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया, बल्कि स्थानीय निवासियों को भी स्वच्छता के प्रति संकल्पित किया। नपाध्यक्ष लता सकवार ने बताया कि हम प्रत्येक दिन वार्ड का निरीक्षण कर संबंधित कर्मचारियों और सफाई अमले को वार्ड में स्वच्छता के स्तर को और बेहतर बनाने के स्पष्ट निर्देश दिए जा रहे है। उन्होंने नियमित कचरा उठाने और गलियों की समुचित सफाई सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इस दौरान नपाध्यक्ष ने स्थानीय नागरिकों के साथ संवाद किया और उन्हें स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए शपथ दिलाई और नागरिकों से आग्रह किया कि वे अपने आसपास के परिवेश को साफ रखें और शहर को सुंदर व कचरा मुक्त बनाने में नगरपालिका का सक्रिय सहयोग करें। उन्होंने विश्वास जताया कि नागरिकों के सक्रिय सहयोग से ही शहर स्वच्छता सर्वेक्षण में बेहतर प्रदर्शन कर पाएगा।

## बीना रिफायनरी के विवेकानंद अस्पताल में पानी का संकट




**बीना जागरण।** बीना रिफाइनरी के अंतर्गत संचालित विवेकानंद अस्पताल में बीते दो दिनों तक जल आपूर्ति बाधित रहने से मरीजों और अस्पताल स्टाफ को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। पानी की कमी के चलते अस्पताल में भर्ती मरीजों के साथ उनके परिजनों को भी पीने के पानी के लिए बाजार से बोतलें खरीदनी पड़ीं। जानकारी अनुसार अस्पताल में अचानक जल आपूर्ति ठप हो गई, जिससे वार्डों में भर्ती मरीजों को पीने के पानी और साफ-सफाई की समस्या से जूझना पड़ा। हालात इतने बिगड़ गए कि अस्पताल प्रबंधन को टैंकरों के माध्यम से पानी मंगवाना पड़ा, लेकिन यह व्यवस्था भी पर्याप्त साबित नहीं हुई। स्थिति को संभालने के लिए वार्ड बॉय और अन्य कर्मचारियों को टैंकर से पानी भरकर दूसरी मंजिल तक विभिन्न वार्डों में पहुंचाना पड़ा। मरीजों के परिजनों ने आरोप लगाया कि पानी की कमी से उनकी मुश्किलें बढ़ गईं। कई परिजनों का कहना है कि शौचालयों में पानी न होने से गंदगी फैलने लगी, जिससे संक्रमण का खतरा भी बढ़ गया। स्वास्थ्य सेवाओं जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र में इस प्रकार की अव्यवस्था को लेकर स्थानीय नागरिकों में आक्रोश देखा गया। लोगों ने अस्पताल प्रशासन से भविष्य में ऐसी स्थिति से बचने के लिए वैकल्पिक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने की मांग की है। साथ ही मामले की जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की भी मांग उठाई है। वहीं विवेकानंद अस्पताल बीना के ऑफिस इंचार्ज राहुल उदैनिया ने बताया कि रिफाइनरी द्वारा पानी की टंकियों की सफाई का कार्य किया जा रहा था, जिसके चलते यह समस्या उत्पन्न हुई। उन्होंने कहा कि अब टंकियां भर दी गई हैं और जल आपूर्ति सामान्य कर दी गई है।

# बारदान की कमी के कारण गेहूं खरीदी ठप भानगढ़ रोड पर किसानों ने किया चक्काजाम

## बिहरना वेयर हाऊस में व्यवस्थाओं से भड़का आक्रोश, एक दिन पहले विधायक ने किया था निरीक्षण



बिहरना वेयर हाऊस समर्थन मूल्य केन्द्र पर प्रदर्शन करते किसान



बिहरना वेयर हाऊस का एक दिन पूर्व विधायक ने किया था निरीक्षण

**बीना जागरण।** तहसील के बिहरना वेयरहाउस में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी में अव्यवस्थाओं को लेकर किसानों का गुस्सा शुक्रवार को फूट पड़ा। नाराज किसानों ने दोपहर में भानगढ़ रोड पर चक्काजाम कर विरोध प्रदर्शन किया। करीब एक सप्ताह से बारदाना नहीं मिलने और खरीदी प्रक्रिया ठप होने से किसान आक्रोशित हैं। किसानों का आरोप है कि वे अपनी उपज लेकर कई दिनों से वेयरहाउस परिसर में डटे हुए हैं, लेकिन न तो तौल हो रही है और न ही बारदाना उपलब्ध कराया जा रहा है। जबकि गोदाम में बारदाना होने के बावजूद समिति संचालकों द्वारा जानबूझकर किसानों को परेशान किया जा रहा है। किसानों ने यह भी आरोप लगाया कि खरीदी आगे बढ़ाने के लिए कुछ लोगों द्वारा रुपयों की मांग की जा रही है। प्रदर्शन कर रहे किसानों ने बताया कि वेयरहाउस में पांच समितियों द्वारा खरीदी कार्य किया जा रहा है, लेकिन व्यवस्थाएं पूरी तरह चरमरा गई हैं। कई किसानों की ट्रालियां दिनों से खड़ी हैं, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। बारदाना खत्म होने के कारण चना और मसूर की तौल भी प्रभावित हो गई है। सूचना मिलने पर तहसीलदार अम्बर पंथी मौके पर पहुंचे और किसानों से चर्चा कर समस्याएं सुनीं। उन्होंने जल्द ही व्यवस्था सुधारने और बारदाना उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया, जिसके बाद किसानों ने जाम समाप्त कर दिया।

**पहले भी हो चुका है विरोध**

गौरतलब है कि दो दिन पहले मंडी बामोरा क्षेत्र के किसानों ने भी इसी तरह की समस्याओं को लेकर गौहर रोड पर चक्काजाम किया था। लगातार सामने आ रही शिकायतों से प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं।

**विधायक ने किया था निरीक्षण**

धरना-प्रदर्शन से एक दिन पहले गुरुवार को क्षेत्रीय विधायक निर्मला सप्रे ने बिहरना वेयरहाउस का औचक निरीक्षण किया था। इस दौरान किसानों ने तुलाई के नाम पर गेहूं की कटौती और पैसे मांगने जैसे गंभीर आरोप लगाए। हालांकि पैसे मांगने की बात स्पष्ट रूप से सामने नहीं आ सकी, लेकिन किसानों ने आरोप लगाया कि भुगतान न करने पर बारदाना खत्म होने की बात कहकर खरीदी टाल दी जाती है। विधायक ने समिति कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए थे कि किसानों से किसी भी प्रकार की अवैध वसूली न की जाए और पेयजल सहित आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। साथ ही उन्होंने सागर कलेक्टर से दूरभाष पर चर्चा कर शीघ्र बारदाना उपलब्ध कराने को कहा था। इसके बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं होने पर किसानों ने शुक्रवार को सड़क पर उतरकर विरोध दर्ज कराया।

## बीना जंक्शन का होगा काया कल्प, ९९ करोड़ से बनेगा आधुनिक स्टेशन



**बीना जागरण।** बीना रेलवे जंक्शन को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। अधोसंरचना विकास योजना के तहत 99.37 करोड़ रुपए की लागत से स्टेशन का व्यापक पुनर्विकास किया जाएगा, जिसे जून 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। 30 अप्रैल को भोपाल मंडल की मंडल रेल उपयोगकर्ता सलाहकार समिति (डीआरयूसीसी) की तीसरी बैठक डीआरएम पंकज त्यागी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में बीना जंक्शन से जुड़ी यात्री सुविधाओं और लंबित मांगों पर विस्तार से चर्चा हुई। इस दौरान डीआरयूसीसी सदस्य संतोष ठाकुर ने 9 महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए। एनएसजी-3 श्रेणी के प्रमुख बीना जंक्शन को अत्याधुनिक स्वरूप दिया जाएगा। करीब 900 वर्गमीटर क्षेत्र में नया स्टेशन भवन तैयार होगा, जिसमें आधुनिक डिजाइन, उन्नत प्रतीक्षालय और बेहतर टिकटिंग व्यवस्था विकसित की जाएगी। प्लेटफॉर्म का नवीनीकरण किया जाएगा और यात्रियों की सुविधा के लिए 12 मीटर चौड़ा नया फुटओवर ब्रिज बनाया जाएगा। दिव्यांगजन, बुजुर्ग और महिलाओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए स्टेशन पर 6 लिफ्ट और 6 एस्केलेटर लगाए जाएंगे। इसके अलावा स्टेशन परिसर में पार्किंग का विस्तार और कमर्शियल स्पेस विकसित कर यातायात प्रबंधन को बेहतर बनाया जाएगा, जिससे स्थानीय आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। बैठक में कोरोना काल से बंद बीना-सागर पैसेंजर ट्रेन को पुनः शुरू करने की प्रमुख मांग उठाई गई। वर्तमान में सुबह 5 बजे मेमू ट्रेन के बाद 10:20 बजे तक सागर के लिए कोई ट्रेन उपलब्ध नहीं होने से विद्यार्थियों, किसानों और दैनिक यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा मंडीबामोरा स्टेशन पर ग्वालियर-भोपाल इंटरसिटी एक्सप्रेस (12197/12198) और प्रयागराज एक्सप्रेस (14115/14116) के ठहराव की मांग भी रखी गई। बीना स्टेशन जाने वाली मुख्य सड़क की जर्जर स्थिति सुधारने और सागर गेट सुपर मार्केट को सिंधी कॉलोनी से जोड़ने के लिए फुटओवर ब्रिज निर्माण का प्रस्ताव दिया गया। डीआरयूसीसी सदस्य ने करीब 1500 एकड़ खाली रेलवे भूमि पर रेल कोच या रेल व्हील निर्माण जैसे बड़े प्रोजेक्ट स्थापित करने का सुझाव भी रखा। साथ ही रेलवे गेट क्रमांक 307 पर आरओबी बनने के बाद लंबा घुमावदार मार्ग होने से हो रही परेशानी को दूर करने, बीना-खुरई रोड पर अंडरब्रिज निर्माण, पूर्वी रेलवे कॉलोनी के पुराने रास्ते को पुनः खोलने और वंदे भारत एक्सप्रेस के ठहराव की मांग भी प्रमुख रूप से उठाई गई। बैठक में रखे गए इन प्रस्तावों से बीना जंक्शन के विकास और यात्रियों की सुविधाओं में व्यापक सुधार की उम्मीद जताई जा रही है।

## न्यूज कार्नर

### भीड़ ने दो साल की बच्ची को कुचला हुई मौत

**जागरण,बडामलहरा ।** थाना बडामलहरा के अंतर्गत सेंधपा में बीती रात भगुंता अहिरवार के यहां शादी समारोह चल रहा था और पडोस के एक परिवार की दो साल बच्ची बीमार हालत में अपने घर में पडी हुई थी इसी शादी समारोह में अचानक विवाद हो गया और देखते-देखते तीन-चार दर्जन लोग मौके पर पहुंच गये और पडोसी भोयरा अहिरवार के घर भी घुस गये लेकिन भीड ने यह नहीं देखा कि जमीन में दो साल की बच्ची सो रही है। भीड़ ने उस बच्ची को पैरों से कुचल दिया जिससे उसकी मौत हो गई। परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे लेकिन डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद परिजनों मे रोष देखा जा रहा है।

### अवैध शराब, मादक पदार्थ, जुआ सट्टा सहित 45 मामलों में कार्यवाही

**छतरपुर ।** पुलिस द्वारा आबकारी, एनडीपीएस, पब्लिक गैंबलिंग एक्ट सहित लघु अधिनियम के तहत आरोपियों के विरुद्ध निरंतर कार्यवाही की जा रही है। विगत दिवस 24 घंटे के अंदर अवैध शराब, अवैध मादक पदार्थ, विक्रय, तस्करी सार्वजनिक स्थान में नशाखोरी करने वाले आरोपियों एवं जुआ सट्टा सहित 44 प्रकरणों में आरोपियों के विरुद्ध विधिवत कार्यवाही की गई। अवैध शराब विक्रय, तस्करी एवं सार्वजनिक स्थान में नशाखोरी करने पर आबकारी अधिनियम के तहत 39 प्रकरणों में 270 लीटर अवैध शराब जप्त कर आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही की गई। थाना नौगांव अंतर्गत 4 थाना राजनगर, भगवा, लवकुश नगर, गोयरा अंतर्गत 3-3, थाना ओरछा रोड, गढ़ी मलहरा, मातगुवां, बमीठा, बमनौरा, हिनौता में 2-2, थाना सिविल लाइन, हरपालपुर, अलीपुरा, बिजावर, ईसानगर, सटई, खजुराहो, महाराजपुर, सरवई, चंदला, गौरिहार, प्रकाश बमोरी, बक्सवाहा में 1-1 प्रकरणों आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है। एनडीपीएस अधिनियम के तहत थाना खजुराहो एवं थाना बमीठा में दो आरोपियों से अवैध मादक पदार्थ गांजा मात्रा करीब 450 ग्राम बरामद कर कार्यवाही की गई है।

# गेहूं खरीदी केन्द्रों में एफक्यू क्वालिटी का नहीं रखा जा रहा ध्यान, परिवहन में देरी से भीगा हजारों मीट्रिक टन गेहूं



**जागरण,छतरपुर।** म.प्र. सरकार द्वारा किसानों का गेहूं समर्थन मूल्य पर खरीदा जा रहा है और उसके लिए जिले में 80 केन्द्र बनाए गये हैं। जिला मुख्यालय छतरपुर में ही चार के न्द्र बने हैं जिसमें से तीन केन्द्र मण्डी प्रांगण में और एक केन्द्र वेयर हाउस में संचालित हो रहा है। लेकिन वेयर हाउस में बगौता समिति का गेहूं खरीदा जा रहा है। गुरूवार को हुई वारिश ने प्रशासन की परिवहन व्यवस्था की पोल खोल दी है। क्योंकि परिवहन ठेकेदार और परिवहन के जिम्मेदार अधिकारियों की मिलीभगत से परिवहन में बिलंब किया जा रहा है। यही कारण है कि बगौता मण्डी का हजारों क्विटंल गेहूं खुले में पडे होने कारण भीग गया। मौसम विभाग द्वारा लगातार चेतावनी मौसम बिगडने की दी जा रही थी फिर भी परिवहन से जुडे ठेकेदार और अधिकारियों ने मौसम विभाग की चेतावनी को गंभीरता से नहीं लिया और स्थिति यह बनी कि खुले में रखी हुई हजारों बोरी गेहूं की भीग गईं। जो गेहूं तुल चुका है। और उसके भीगने से प्रशासन को नुकशान है, आखिर परिवहन ठेकेदार द्वारा गेहूं के परिवहन में क्यों लापरवाही बरती जा रही है। वारिश होने के बाद दूसरे दिन से ही बगौता मण्डी के गेहूं का परिवहन शुरू किया गया लेकिन गेहूं की बोरी गीली होने के कारण वेयर हाउस में उसके खराब होने की संभावना है। इसी तरह गौरगायं सोसाइटी का गेहूं भी खुले आसमान के नीचे रखा था। जो पानी में भीग गया, यहां तक गेहूं की बोरियों के नीचे पानी भर गया जिसका एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ। भगवां घुवारा क्षेत्र में भी गेहूं के परिवहन की समस्या बनी हुई है। फिर भी जिम्मेदार अधिकारी जिला आपूर्ति अधिकारी सीताराम कोठारे का कहना है कि बोरियों की अल्टी-पल्टी कर दी जायेगी तो वह सूख जायेगा। और ठेकेदार को परिवहन गति बढाने के निर्देश दिये हैं। चूंकि परिवहन की जिम्मेदारी नान के अधिकारियों की होती है लेकिन नान में अधिकारी न होने के कारण परिवहन का प्रभार जिला आपूर्ति अधिकारी को सौंपा गया है। इसीलिए वह अपनी जिम्मेदारी का सही ढंग से निर्वहन नहीं कर रहे हैं।

**पल्लेदारों के नाम पर लिये जा रहे 5 रुपये प्रति बोरी**

मण्डी परिसर में जो खरीदी केन्द्र बने हुए हैं उन खरीदी केन्द्रों में किसानों से 5 रूपये प्रति बोरी पल्लेदारों के नाम पर लिये जा रहे हैं। और गेहूं की तुलाई 50 किलो 700 ग्राम हो रही है जबकि शासन के निर्देश हैं कि 500 ग्राम अधिक लिया जा सकता है। मण्डी के किसी भी केन्द्र में एफक्यू क्वालिटी का पालन नहीं किया जा रहा है। क्योंकि किसान की बोरियों से सीधे शासन की बोरियों में पल्टी कर दिया जाता है। छनाई पूरी तरह से बंद है। फिर ऐसे में एफक्यू क्वालिटी का पालन कैसे होगा।

**मण्डी केन्द्रों में कहां कितनी खरीदी और परिवहन**

सेवा सहकारी समिति बगौता का केन्द्र वेयर हाउस में बनाया गया है। और यहां आज दिनांक तक 7051.5 क्विटंल गेहू की खरीदी हो चुकी है। जबकि परिवहन केवल 3790 क्विटंल का हुआ है। कम मात्रा में परिवहन होने से स्पष्ट है कि परिवहन में लापरवाही चल रही है। इसी तरह से सेवा सहकारी समिति मोरवा में अभी तक 5286 क्विंटल की खरीदी हुई। और परिवहन मात्र 2500 क्विंटल का हुआ। स्वामी विवेकानंद समिति में गेहूं की खरीदी 5248 क्विटंल हुई और परिवहन 4475 क्विटंल किया गया। सेवा सहकारी समिति गठेवरा में 4933.5 क्विटंल गेहूं की खरीदी हुई। जबकि परिवहन 3549.5 क्विटंल का हुआ। यही हाल जिले के अन्य खरीदी केन्द्रों का है।

### बारदाने की भी समस्या

खरीदी केन्द्रों में बारदाने की समस्या बनी हुई है कई खरीदी केन्द्रों के केन्द्र प्रभारियों ने बताया कि सुबह तक बारदाना उपलब्ध नहीं कराया जाता है। पुरानी बोरियां बारदाने के नाम पर उपलब्ध कराई गईं जो गेहूं भरने के बाद खड़ी करने पर फट रहीं हैं। ट्रकों में लोड होते समय तक और भी आधिक फट जायेंगी।

# यमदूत बनकर दौड़ रहे रेत के अवैध ट्रेक्टर, बाइक सवार को मारी टक्कर

**जागरण,लवकुशनगर ।** थाना लवकुशनगर के अंतर्गत रेत के अवैध ट्रेक्टर सड़कों पर मौत बनकर दौड रहे हैं। चंदला क्षेत्र के ग्राम अंधियारीवारी निवासी एक युवती की डोली उठने के पहले उसकी अर्थी उठ गई। क्योंकि गुरूवार की शाम को लवकुशनगर से अंधियारीवारी जाते समय रेत के अवैध ट्रेक्टर ने मढा और मुडेरी के बीच में बाइक को जोरदार टक्कर मार दी जिससे बाइक में सवार 19 वर्षीय ज्योति अहिरवार निवासी अंधियारीवारी की मौत हो गई। और उसकी मां गीता अहिरवार और भाई रविन्द्र अहिरवार घायल हो गये। टक्कर मारने के बाद ट्रेक्टर चालक वाहन लेकर भाग गया। इस घटना के बाद गांव में मातम पसर गया क्योंकि मृतिका ज्योति अहिरवार की शादी 12 मई को होनी थी और वह अपनी मां व भाई के साथ सोपिंग करके बाइक से वापस लौट रही थी। तभी यह दर्दनाक हादसा हो गया। बताया जा रहा है कि गंभीर हालत में घायल रविन्द्र अहिरवार को ग्वालियर रिफर कर दिया गया है और मां जिला अस्पताल में भर्ती है। इस दर्दनाक हादसे में शादी की खुशियां मातम में बदल गईं। पुलिस ट्रेक्टर चालक की तलाश में जुटी हुई है पहले भी इसी स्थान पर दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। और यह दुर्घटनाएं रेत के ट्रेक्टरों से होती हैं। लेकिन रेत के ट्रेक्टर लगातार चल रहे हैं। किसके संरक्षण में चल रहे रेत के ट्रेक्टर अब यह जांच का विषय है कि ट्रेक्टर किसके संरक्षण में चल रहे हैं। इन्हें पुलिस का संरक्षण है या खनिज विभाग के अधिकारियों का। वैसे चर्चा यह है कि रेत के अवैध ट्रेक्टरों से पुलिस का महीना बंधा हुआ है और खनिज विभाग के अधिकारी भी इन ट्रेक्टरों से वसूली करते हैं। जबकि इन ट्रेक्टरों का पंजीयन केवल कृषि कार्य के लिए होता है फिर यह अवैध धंधा करके सड़कों पर यमदूत बनकर कैसे दौड़ रहे हैं। क्या रेत माफियाओं के सामने प्रशासन का कानून बोना साबित हो चुका है। यदि ऐसा नहीं है तो फिर विशेष अभियान चलाकर इन रेत के ट्रेक्टरों पर कार्यवाही क्यों नहीं की जा रही है। कार्यवाही न होने के कारण स्पष्ट है कि कहीं न कहीं पुलिस और खनिज का संरक्षण इन रेत माफियाओं को है। अगर यह ट्रेक्टर यमदूत बनकर न दौड रहा होता तो शायद शादी से पहले युवती की अर्थी नहीं उठती।

**जनप्रतिनिधियों ने भी साधी चुप्पी**

चुनाव के दौरान जनप्रतिनिधियों द्वारा भी बड़े-बड़े दाबे किये जाते हैं। क्या उनके इन बड़े-बड़े दाबों में रेत का अवैध कारोबार शामिल नहीं है। यदि रेत का अवैध कारोबार भी दाबों में शामिल है तो फिर आज तक किसी जनप्रतिनिधि ने इनके खिलाफ आवाज क्यों नहीं उठाई है। वैसे चर्चाएं यह भी हैं कि सफेदपोश नेताओं का भी संरक्षण इन रेत माफियाओं को पूरी तरह से मिल रहा है जिससे उनमें किसी प्रकार का खौफ नहीं है।

### अनाज व्यापारी लूट में शामिल 5वां आरोपी गिरफ्तार

**जागरण,छतरपुर।** दिनांक 18 मार्च 2026 को दोपहर महोबा मंडी से अनाज बिक्री कर आते समय अनाज व्यापारी विनय शिवहरे एवं उसके साथी इल्लु गुप्ता के साथ आरोपियों द्वारा लूट एवं चोट पहुंचाने संबंधी प्रकरण में आरोपियों की तलाश की जा रही थी। पुलिस अधीक्षक छतरपुर अगम जैन द्वारा आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु 3000 की इनाम की उद्घोषणा व पुलिस टीम गठित कर प्रकरण की निरंतर मॉनिटरिंग निरंतर की जा रही थी। पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए पूर्व में घटना में सम्मिलित लूट की घटना एवं रेकी करने वाले चार आरोपियों राज वर्मा अहिरवार निवासी बजरिया मोहल्ला महोबा, अयान खान निवासी काशीराम कॉलोनी महोबा, बबलू कुशवाहा उर्फ डेंजर निवासी उदल चौक महोबा, महेंद्र कुशवाहा निवासी उदल चौक महोबा को गिरफ्तार किया गया था। अभियुक्तों के पास से लूटी गई राशि में से 90000 नगद राशि, खरीदे गए दो आईफोन, प्रयुक्त 12 बोर का देसी कट्टा एवं कारतूस पल्सर मोटरसाइकिल कुल कीमत करीब 300000 की संपत्ति बरामद की गई थी। पुलिस टीम द्वारा उक्त घटना में सम्मिलित 3000 के इनामी आरोपी, अक्कन उर्फ आशिफ पिता लियाकत ख़ान निवासी पठान मोहल्ला महोबा को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के पास से बैग इत्यादि सामग्री बरामद की गई। अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# ओवररेट शराब, सड़क पर जाम और खुलेआम नशाखोरी आबकारी व्यवस्था बेलगाम, जिम्मेदारों ने साधी चुप्पी

**जागरण,टीकमगढ़।** नए वित्तीय वर्ष की शुरुआत के साथ ही शहर की आबकारी व्यवस्था पूरी तरह पटरी से उतरती नजर आ रही है। शराब दुकानों पर ठेकेदारों की मनमानी अब खुलेआम लूट में तब्दील हो चुकी है। तय दरों को ताक पर रखकर शराब और बीयर ऊंचे दामों पर बेची जा रही है, लेकिन हैरानी की बात यह है कि आबकारी विभाग मानो गहरी नींद में है। न कोई जांच, न कोई कार्रवाई—बस चुप्पी, जिसने ठेकेदारों के हौसले सातवें आसमान पर पहुंचा दिए हैं। रेट लिस्ट गायब, जेब काटने का खुला खेल शहर की कई शराब दुकानों, खासकर पुराने बस स्टैंड स्थित दुकान पर, रेट लिस्ट तक प्रदर्शित नहीं की गई है। नियमों के मुताबिक हर दुकान पर मूल्य सूची लगाना अनिवार्य है, लेकिन यहां यह नियम सिर्फ कागजों में ही नजर आता है। इसी आड़ में ग्राहकों से मनमानी वसूली की जा रही है। आम आदमी मजबूरी में अधिक कीमत देकर शराब खरीद रहा है, क्योंकि विकल्प ही नहीं बचा। पुराना बस स्टैंड बना 'जाम स्टैंड' शहर के सबसे व्यस्त इलाकों में से एक पुराने बस स्टैंड के बाहर की स्थिति बद से बदतर हो चुकी है। शराब दुकान के सामने ग्राहकों की भीड़ और बेतरतीब खड़ी गाड़ियां रोजाना यातायात व्यवस्था की धज्जियां उड़ा रही हैं। सड़क पर खड़े दोपहिया और चारपहिया वाहनों के कारण घंटों जाम लगा रहता है, लेकिन इसे नियंत्रित करने के लिए न तो पुलिस की सक्रियता दिखती है और न ही प्रशासन की। सड़क पर जाम, किनारे नशे का अड्डा हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि दुकान के सामने लगे ठेलों और फुटपाथों पर लोग खुलेआम शराब का सेवन करते देखे जा सकते हैं। कई लोग तो सड़क किनारे बैठकर जाम छलकाते हैं, जिससे राहगीरों और खासकर महिलाओं के लिए माहौल असहज और असुरक्षित हो जाता है। सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन पर रोक के बावजूद यहां कानून की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। यात्रियों की मुश्किलें बढ़ीं, बदनाम हो रहा शहर पुराना बस स्टैंड होने के कारण यहां से रोजाना इंदौर, भोपाल, जबलपुर और सागर जैसे बड़े शहरों के लिए सैकड़ों यात्री आवाजाही करते हैं। लेकिन जाम, गंदगी और शराबियों की हरकतों के कारण यात्रियों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। कई बार शराब के नशे में धुत लोग यात्रियों से अभद्र व्यवहार भी करते नजर आए हैं, जिससे शहर की छवि पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। जिम्मेदारों की चुप्पी-मिलीभगत या लापरवाही सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर आबकारी विभाग और जिला प्रशासन इस पूरे मामले में चुप क्यों है? क्या यह सिर्फ लापरवाही है या फिर कहीं न कहीं मिलीभगत की बू भी आ रही है? लगातार शिकायतों ओर वीडियो वायरल के बावजूद कोई ठोस कदम न उठाया जाना कई सवालों को जन्म देता है। जनता का गुस्सा बढ़ा, कार्रवाई की मांग तेज शहरवासियों में अब इस मुद्दे को लेकर आक्रोश बढ़ता जा रहा है। लोगों का साफ कहना है कि यदि जल्द ही ओवररेटिंग पर रोक नहीं लगी, रेट लिस्ट अनिवार्य रूप से प्रदर्शित नहीं कराई गई और खुलेआम शराब सेवन पर कार्रवाई नहीं हुई, तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे। अब देखना यह है कि क्या प्रशासन इस गंभीर समस्या पर संज्ञान लेकर सख्त कदम उठाता है या फिर आम जनता यूं ही लूट और अव्यवस्था का शिकार होती रहेगी।

**पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन प्रकरण नहीं हुआ कायम**

# मंडी रोड की शराब दुकान के सामने हुए झगड़े में एक व्यक्ति का फटा सिर





**जागरण, गंजबासौदा।**

शराब दुकान पर झगड़ा होना आम बात हो गई है कहीं शराब के दामों को लेकर दुकानदार और ग्राहकों में झगड़ा तो आसपास बैठकर पीने वालों में झगड़ा आय दिन देखने को मिलते हैं, जिन जिम्मेदारों पर इस पर कार्रवाई करने ओर माहौल सुधारने की जिम्मेदारी है, वह सब मुर्कदर्शक बने हुए हैं। एक ओर घटना गुरुवार की रात को मंडी रोड की शराब की दुकान के सामने देखने को मिली, जिसमें शराब ठेकदार के लोग और कुछ अन्य लोगों में जमकर विवाद हुआ, विवाद इतना जमकर हुआ कि एक व्यक्ति का सिर खुल गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। शराब के ठेकेदार के लोग और अन्य लोगों के बीच आए दिन झगड़ा देखने को मिलते हैं। कुछ महीना पूर्व शराब दुकान के लोगों का एक व्यक्ति से झगड़ा हुआ, जिसने शराब दुकान के सामने का वीडियो वायरल हुआ। जिसमें एक अपराधी तत्व का व्यक्ति और शराब ठेकेदार के लोगों के बीच गाली गलौज देखने को मिली। जिस पर वहां स्थानीय रहवासी और आसपास के दुकानदार काफी परेशान रहते हैं और इस संबंध में कई बार शिकायत कर चुके हैं, लेकिन उनकी सुनने वाला कोई नहीं है। झगड़े को लेकर सिरोंज थाने में बात की गई तो उन्होंने बताया कि आपसी झगड़ा था उनका राजीनामा हो गया है। अगर कोई चोटिल हुआ है तो मेडिकल दिखावाते हैं फिर उसके बाद कार्रवाई करते हैं।

देखने में आता है कि शराब दुकान के आसपास की दुकानों में एवं दुकान के आसपास ओर सामने बैठकर कई सारे लोग शराब पीते हैं और वहीं पर शराब पीकर झगड़ा करते हुए देखे जाते हैं लेकिन उनको वहां से हटाने वाला और उनका कार्रवाई करने वाला कोई नहीं है जबकि सरकार द्वारा शराब दुकान के आसपास अहाते प्रतिबंध हैं। आबकारी विभाग इस और ध्यान नहीं देता, क्योंकि आबकारी विभाग में पदस्थ सहायक निरीक्षक सिरोंज से अधिकतर गायब रहते हैं और कॉल करने पर साहब कॉल नहीं उठाते और पुलिस भी वहां से निकलती रहती है लेकिन कार्रवाई करने से कतराते है। जिसका परिणाम इस तरह की बड़ी लड़ाईयों झगड़ों के रूप में मिलता हैं। जिससे शहर की माहौल खराब हो रहा है।

### शराब दुकान को शहर से बाहर करने की मांग

समाजसेवियों ने इस पर आपत्ति जताते हुए कहा कि शराब की दुकानों को शहर से बाहर किया जाना चाहिए, क्योंकि यह आम और व्यस्तम रास्तों पर है। मंडी रोड की दुकान चौराहे पर है, जहां काफी लोगों का जमावड़ा रहता है। यहां से लोग मंडी एवं अपना अन्य सामान खरीदने के लिए निकालते रहते हैं। यह चौराहे पर आए दिन होने वाले झगड़े से लोग कुछ कहने से डरते और भयभीत रहते हैं। जिससे शहर की फिजा खराब हो रही है, वहीं लोगों ने शासन प्रशासन आबकारी एवं पुलिस से इस ओर ध्यान आकर्षित करते हुए कार्रवाई करने की मांग की है।

हम आबकारी विभाग से कार्रवाई करने के लिए बात करते हैं। कल रात का मामला आपसी लड़ाई का था दोनों में सहमति हो गई।

**विमलेश राय**
**थाना प्रभारी सिरोंज**

अगर इस तरह की घटना की बात सामने आई है तो हम कार्रवाई करवाते हैं।

**हरिशंकर विश्वकर्मा**
**एसडीएम सिरोंज**

शराब दुकान के सामने एवं आसपास दुकानों पर बैठकर लोग शराब पीते आए दिन झगड़ा गालीगलौच देखने को मिलती है। अबशेष सामान फेंकते हैं, व्यापारी एवं आम नागरिक परेशान हैं।

**देवकीनंदन शर्मा**
**व्यापारी आरोन रोड**

# सुपर चैंपियन नाइट क्रिकेट कप: फैजान मस्तानी की शानदार गेंदबाजी के दम पर फैशन पाइंट ने जीते मैच



**जागरण, गंजबासौदा।** तारण तरण जैन पाठशाला खेल मैदान में नगर के वरिष्ठ क्रिकेटर स्वर्गीय कपिल तिवारी की स्मृति में आयोजित सुपर चैंपियन नाइट कप में बीती रात्रि तीन मुकाबले खेले गए। चौथा मुकाबला बारिश के कारण रद्द करना पड़ा शुक्रवार को यह मुकाबला खेला जाएगा। गुरुवार की रात खेले गए पहले मुकाबले में फैशन पॉइंट में श्रीनियास को 18 रनों से मात देकर आसानी से जीत हासिल की। इस मैच में फैशन पॉइंट में पहले पहले वाली करते हुए 8 ओवर में 82 रन बनाएं, जिसमें बल्लेबाज फैजान मस्तीन ने 12 गेंद में 26 रन बनाए और गेंदबाजी करते हुए तीन विकेट प्राप्त किया, जिन्हें मैच उपरांत अतिथियों द्वारा मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

दूसरा मैच भाविक-11 और सिया कारतूस बीना के बीच खेला गया। जिसमें सिया कारतूस की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए हाथों में 62 रन बनाए। भाविक 11 की टीम ने 3.5 ओवर में ही 9 विकेट शेष रहते हुए यह मैच जीत लिया। इस मैच में बल्लेबाजी और गेंदबाजी से दोहरा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी सलमान विदिशा को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। तीसरा मैच फैशन पॉइंट और भाविक के 11 के बीच खेला गया। जिसमें फैशन पॉइंट ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ ओवर में 98 रन बनाए टीम की ओर से सलमान विदिशा ने 11 गेंद पर 38 रनों की शानदार पारी खेली, बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी भाविक 11 की टीम क्यों ओपनिंग बल्लेबाज कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर सके और नियमित अंतराल में विकेट करने के कारण टीम 8 ओवर में मात्र 82 रन ही बना पाई और इस तरह फैशन पॉइंट में यह मैच 18 रनों से जीत लिया। इस मैच में मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार सलमान विदिशा को दिया गया। चौथा मैच शुरू होने से पहले तेज आंधी और बारिश ने मैच को बाधित कर दिया इसके बाद मैच पुनः प्रारंभ नहीं हो सका। रात्रि कालीन क्रिकेट टूर्नामेंट में पूर्व विधायक निशंक कुमार जैन, भाजपा के वरिष्ठ नेता गोविंद सिंह पटेल, पवन रिछारिया, सबजेल अधीक्षक आलोक कुमार भार्गव, कांग्रेस नेता नितिन दुबे मौजूद रहे। वहीं इस टूर्नामेंट में हो रहे रोचक मुकाबले को देखने के लिए बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी पहुंच रहे हैं।

### केंद्रीय विद्यालय की छात्राओं ने इंदौर को पराजित कर जीता हैंडबॉल में स्वर्ण पदक

**जागरण, गंजबासौदा।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय गंजबासौदा की हैंडबॉल टीम ने ग्वालियर में संपन्न रीजनल स्पोर्ट्स मीट में स्वर्ण पदक जीता। शुक्रवार को विजेता टीम इंटरसिटी एक्सप्रेस से गंजबासौदा वापस आई। इस अवसर पर टीम का ढोल ढमाकों, फूलमालाओं और आतिशबाजी के साथ जोरदार स्वागत किया गया। विद्यालय में संदीप राजावत कोच, दिव्या पांडे एवं अपूर्वा प्रभारी शिक्षक के मार्गदर्शन में दक्षिता शर्मा कप्तान, हर्षिता सिंह, भार्गवी गुर्जर, ऋषिका दांगी, रितालया सक्सेना, अनुश्री दुबे, चारु राजपूत, वेदांती शर्मा, काव्या दिवाकर, मानसी विश्वकर्मा, लीना अहिरवार, एंजेल जैन की टीम ने इंदौर को पराजित कर स्वर्ण पदक जीता छात्राओं की इस उपलब्धि पर विद्यालय की प्राचार्य, कोच एवं प्रभारी शिक्षिकाओं सहित पूरे विद्यालय परिवार ने छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।



# खबर को जीने वाला 'कामरेड' हमेशा के लिए मौन, ऋषभ जैन को दी अश्रुपूरित विदाई

**जागरण, गंजबासौदा।** शहर के वरिष्ठ पत्रकार ऋषभ कुमार जैन का गत दिवस आकास्मिक निधन हो गया। शुक्रवार को उनकी अंतिम यात्रा में जिले भर से पत्रकार, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, सामाजिक व धार्मिक संगठनों के पदाधिकारी, व्यापारिक वर्ग और जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में मौजूद रहे। पारासरी मुक्ति धाम पर उनके पुत्र विकास जैन ने मुखाग्नि दी। स्वर्गीय जैन डॉ.एके जैन, निर्मल जैन, मुकेश जैन और वीरेंद्र रुचिला के बड़े भाई थे। मुक्तिधाम पर आज हर आंख नम थी, चेहरा गमगीन। उनमें कई लोग ऐसे भी थे, जिनकी आंखों में सिर्फ आंसू नहीं, बल्कि उस पत्रकार के प्रति सम्मान था, मुक्तिधाम पर हजारों की संख्या में मौजूद नागरिकों ने अंतिम यात्रा के दौरान स्वर्गीय स्वर्गीय जैन की पार्थिव देह पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देते उनकी पत्रकारिता के कालखंड को याद किया।



मालूम हो कि वरिष्ठ पत्रकार ऋषभ जैन गुरुवार देर शाम छत पर टहल रहे थे तभी उन्होंने सीने में दर्द की शिकायत की और उनके परिचित शुभचिंतक उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे लेकिन रास्ते में ही वह अचेत हो गए और शासकीय अस्पताल पहुंचने और उपचार के पहले ही उन्होंने दम तोड़ दिया। शासकीय अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शुक्रवार को गहरे शोक और भावनात्मक माहौल में स्टेशन रोड स्थित उनके निवास से सुबह 10 बजे निकाली गई अंतिम यात्रा जैसे ही शहर की सड़कों से होकर गुजरी, हर ओर एक सन्नाटा सा छा गया और ऐसा लगा मानो शब्द भी शोक में डूब गए हों। आज उनके असमय निधन से पत्रकारिता जगत में एक गहरा खालीपन पैदा हो गया है। साथी पत्रकारों के लिए यह केवल एक सहयोगी का जाना नहीं, बल्कि एक मार्गदर्शक, एक साथी और एक आवाज का खोना है। अंतिम यात्रा में उमड़ा जनसैलाब इस बात का साक्षी बना कि ऋषभ जैन ने अपने जीवन में कितने दिलों को छुआ था। लोग उन्हें विदा नहीं कर रहे थे, बल्कि उनके संघर्ष, उनके साहस और उनकी सच्चाई को भी नमन कर रहे थे।

# कांग्रेस नेता रजत गौड़ बने विधानसभा प्रभारी



**जागरण, लटेरी।** लटेरी-सिरोंज के वरिष्ठ कांग्रेस नेता रजत गौड़ को मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने राधोगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह के सबसे विश्वस्त साथी रजत गौड़ को राधोगढ़ विधानसभा का प्रभारी नियुक्त किया है।

ज्ञात हो राधोगढ़ विधानसभा पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह का विधानसभा क्षेत्र रहा है। वर्तमान में इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व उनके पुत्र पूर्व मंत्री और विधायक जयवर्धन सिंह कर रहे है। राधोगढ़ विधानसभा कांग्रेस का अभेद गढ़ माना जाता है। रजत, दिग्विजय सिंह ओर जयवर्धन सिंह सहित राधोगढ़ राजपरिवार के बहुत करीबी माने जाते हैं। इसलिए भी ये नियुक्ति बहुत महत्वपूर्ण मानी जाती है। उनकी इस नियुक्ति पर उनके समर्थकों और कांग्रेस नेताओं ने सोशल मीडिया और खुशी व्यक्त की। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता जंडेल सिंह जादोंन, देवीसिंह बघेल, रामकुमार भार्गव, लेखराज सिंह, लक्ष्मण मीना, बालाराम रघु, राजा मियाँ, सुनील जैन, सुनील आदिवासी, यदुवीर सिंह बघेल, नरेश सक्सेना, मनोज अग्र, रविन्द्र जादोंन, शैलेन्द्र कौरव, मनीष रघु, सतीश श्रीवास्तव, राजकुमार श्रीवास्तव, चंदू पटेल, लोकेश जादोंन देवेन्द्र शर्मा, प्रेमनारायण धाकड़, अरविंद धाकड़, लल्लीराम, नवीन करेरिया, रणवीर यादव, आयुष शर्मा, केशव भार्गव आदि हैं।

### बीती रात्रि हुई बारिश, खरीदी केन्द्रों पर किसान परेशान

**जागरण, गंजबासौदा।** गुरूवार की देर रात मौसम हुए एकाएक परिवर्तन के बाद बारिश प्रारंभ हो गई। जिससे तापमान में दो से तीन डिग्री की गिरावट भी आई है। शाम के समय धूलभरी आंधी चलने के कारण खरीदी केन्द्रों पर भी किसानों को परेशानी हुई थी और बारिश होने से कुछ स्थानों पर गेंहू भी गीला हुआ है। हवा पानी के बीच नगरीय क्षेत्र में कई स्थानों पर विद्युत प्रदाय कुछ समय के लिए बाधित रहा।

### टूटे स्पॉन से प्लेटफॉर्म 7 पर मंडरा रहा खतरा

**जागरण, इटारसी।** जंक्शन के प्लेटफॉर्म नंबर 7 पर इन दिनों अव्यवस्थाओं का अंबार लगा हुआ है, जिससे किसी बड़े हादसे की आशंका बनी हुई है। रेलवे ट्रैक के नीचे लगे स्लीपर पत्थर कई जगहों से टूट चुके हैं, जो तकनीकी रूप से ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन के लिए बड़ा खतरा हैं। यात्रियों ने पूर्व में हुई रेल दुर्घटनाओं का हवाला देते हुए इस लापरवाही पर गहरी चिंता जताई है। ट्रैक पर लगातार जमा हो रहे गंदे पानी और कचरे के कारण वहां से भारी बदबू उठ रही है।



### जयस्तंभ चौक से बाइक चोरी, सीसीटीवी में कैद

**जागरण, इटारसी।** शहर के जयस्तंभ चौक पर चोरों ने पुलिस को चुनौती देते हुए बीती रात एक मोटरसाइकिल पर हाथ साफ कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 30 अप्रैल की रात करीब 11:29 बजे जयस्तंभ चौक स्थित मिहानी मोबाइल शॉप के सामने खड़ी एक सिल्वर रंग की हीरो एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 05 एमक्यू 2912 को अज्ञात चोर उड़ा ले गया। चोरी की घटना दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी में कैद हो गई।

## न्यूज कार्नर

### किशोर की कुएं में गिरने से हुई मौत



**विदिशा।** ग्रामीण इलाके में एक 15 वर्षीय किशोर की कुएं में गिरने से मौत हो गई। यह घटना करारिया थाना क्षेत्र के ग्राम अजीत पिपरिया में हुई। मृतक की पहचान गांव निवासी गोलू आदिवासी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार गोलू आदिवासी बकरी चराने के लिए घर से निकला था। इसी दौरान वह गांव में स्थित एक कुएं पर पानी पीने गया। पानी निकालते समय अचानक रस्सी टूट गई, जिससे उसका संतुलन बिगड़ गया और वह कुएं में गिर गया। जब गोलू काफी देर तक घर नहीं लौटाए तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। तलाश के दौरान वह कुएं में गिरा हुआ मिला। घटना की जानकारी देर से मिलने के कारण उसे समय रहते बचाया नहीं जा सका। सूचना मिलने पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से किशोर को कुएं से बाहर निकाला गया। उसे तत्काल मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। शव का पोस्टमार्टम मेडिकल कॉलेज में कराया जा रहा है और पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### जिले के स्कूलों में समर कैंप शुरू

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता के मार्गदर्शन में जिले के समस्त हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों में 1 मई से समर कैंप का आयोजन शुरू हुआ है। इस पहल का उद्देश्य बच्चों के सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करना हैए जिसमें उनकी रुचि के अनुसार विभिन्न रचनात्मक और खेल गतिविधियों को शामिल किया गया है। समर कैंप के दौरान विद्यार्थियों के लिए खेलकूद, आर्ट एंड क्राफ्ट, रचनात्मक गतिविधियां एवं कौशल विकास से जुड़ी विविध गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इन गतिविधियों के माध्यम से बच्चों की प्रतिभा को निखारने और उन्हें नई चीजें सीखने का अवसर प्रदान किया जा रहा है। इस समर कैंप की खास बात यह है कि इसका शुल्क मात्र 25 रुपए निर्धारित किया गया है, जिससे अधिक से अधिक विद्यार्थी इसका लाभ उठा सकें। समर कैंप का समय प्रतिदिन सुबह 7.00 बजे से 9.00 बजे तक रखा गया है, ताकि बच्चे गर्मी से बचते हुए सहज वातावरण में भाग ले सकें। एडीपीसी ऐश्वर्या मूंदड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि जिन विद्यार्थियों ने अभी तक समर कैंप के लिए पंजीयन नहीं कराया है, वे शीघ्र ही अपने संबंधित विद्यालय में जाकर रजिस्ट्रेशन कराएं और इस उपयोगी पहल का लाभ उठाएं। उन्होंने अभिभावकों से भी अपील की है कि वे अपने बच्चों को समर कैंप में भाग लेने के लिए प्रेरित करेंए ताकि उनके व्यक्तित्व और कौशल का बेहतर विकास हो सके।

### बैठकों व निरीक्षण के दौरान पिछले दिनों ऐसी ही स्थिति आई सामने, हर तरफ लापरवाही का आलम

# जिले में शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग अधिकारियों के नियंत्रण से बाहर

जागरण विदिशा



शिक्षा एवं स्वास्थ्य सरकार की महत्वपूर्ण सेवाओं में शामिल है, दोनों ही विभाग पर सरकार का बड़ा बजट खर्च होता आया है। इस सब के बाद भी यह विभाग अधिकारियों के नियंत्रण से बाहर दिखाई देते हैं। पिछले दिनों ऐसा ही देखने को भी मिला जहां शिक्षा अधिकारियों ने जब स्कूलों का निरीक्षण किया तो स्कूल में शिक्षक नदारद मिल रहे तो वहीं स्वास्थ्य विभाग में भी कई तरह की लापरवाही उजागर होती आई है।

इन विभागों के निरीक्षण, कारण बताओ नोटिस, वेतन रोकने , वेतन वृद्धि रोकने जैसे आदेश निर्देश होते आए और ऐसा क्रम पूर्व से ही चलता आया लेकिन इस सब के बावजूद इन विभागों में कसावट नहीं लाई जा सकी है। यहां तक कि शिक्षा विभाग में आर्थिक गड़बड़ियों तक के मामले भी आते रहे लेकिन सभी कुछ जांच में सिमट कर रह गया।कभी भी कोई असरदार कार्रवाई सामने नहीं आने से इन प्रमुख विभागों में जब तब लापरवाही सामने आती रही है।

#### समीक्षा बैठक में भी उजागर हुई लापरवाही

वहीं पिछले दिनों जिला स्वास्थ्य समिति एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की संयुक्त बैठक में भी कई तरह की लापरवाही विभागों की सामने आई। समीक्षा के दौरान जिला समन्वयक के द्वारा हितग्राही के भौतिक सत्यापन संबंधी जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई, जिसके लिए वरिष्ठ कार्यालय को पेनालटी एवं जिला समन्वयक, एमएमएयू के 5 दिवस के वेतन काटौत्रा हेतु पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिये गये। वहीं बीएमओ एवं बीपीएम पीपलखेड़ा का शत-प्रतिशत एएनसी पंजीयन नहीं होने पर 3 दिवस का वेतन काटे जाने के निर्देश दिये गये हैं। वर्थ वेटिंग रूम में हाई रिस्क गर्भवती प्रसूताओं को बेड उपलब्ध होने के उपरांत भी भर्ती नहीं कराये जाने की बात सामने आने पर जिला कम्यूनिटी मोबिलाईजर का वेतन काटे जाने के निर्देश दिये गये। वर्थ वेटिंग रूम में 100 प्रतिशत बेड ऑक्यूपेंसी न होने पर विकासखंड कम्यूनिटी मोबिलाईजर का वेतन काटे जाने के निर्देश दिये गये। बीसीएम लटेरी के द्वारा अवगत कराया गया कि 6 बेड में से 2 महिलाऐं हैं, जिस कारण से बीसीएम लटेरी का 5 दिवस का वेतन काटे जाने हेतु निर्देशित किया गया। कुरवाई में एक एक्सीडेंट प्रकरण में 108 परिवहन सेवा में लापरवाही देरी के कारण कॉल सेंटर 108 में कार्यरत कर्मचारियों का 1 दिवस का वेतन काटे जाने के निर्देश हुए। इस तरह देखें तो हर तरफ लापरवाही का आलम सामने आ रहा और व्यवस्थाएं दुरुस्त नहीं हो पा रही है।

#### स्वास्थ्य केंद्र मिलते हैं बंद तो कहीं डॉक्टर नदारद

पूर्व में जिले में स्वास्थ्य केंद्रों की ऑनलाइन मानीटरिंग में कई तरह की लापरवाही इन केंद्रों में पाई जा चुकी है। अप्रैल माह में एक दिवस की आनलाइन मानीटरिंग में ही करीब 30 में से 17 केंद्रों की स्वास्थ्य सेवाओं में कमियां सामने आई थी। अधिकांश केंद्रों में ओपीडी बंद पाई गई थी। ऑनलाइन मानीटरिंग के दौरान कई केंद्रों में फोन कॉल नहीं उठाए जा सके। कुछ स्थानों पर डॉक्टर अवकाश होना मिले। इस तरह की कई तरह की स्थिति इन स्वास्थ्य केंद्रों में पाई गई। इस तरह की स्थितियों के बीच मरीजों को स्वास्थ्य सेवाओं का पर्याप्त लाभ नहीं मिल रहा और निजी क्लीनिकों पर मरीजों का पहुंचना मजबूरी बन रहा है। इन खामियों के उजागर होने के बाद भी किसी तरह की प्रभावी कार्रवाई होना सार्वजनिक रूप से सामने नहीं आ सका।

#### इधर शिक्षा विभाग का भी यही आलम

वहीं शिक्षा विभाग में देखें तो पिछले दिनों सहायक संचालक शिक्षा ने विदिशा ब्लाक के कुछ स्कूलों के निरीक्षण के दौरान स्कूलों में जहां कई तरह की लापरवाही सामने आई थी तो वहीं जिला शिक्षा अधिकारी ने भी स्कूलों का निरीक्षण कर स्कूलों में शिक्षकों को नदारद पाया। यह निरीक्षण लटेरी ब्लाक के स्कूलों में किया गया था। एकीकृत माध्यमिक शाला बरखेड़ादेव में पुस्तकें अप्राप्त होना, शाला में टाइम टेबिल नही बनाया जाना, क्लासों में टीएलएम सामग्री नहीं पाई जाना आदि कमियां मिलने पर दो अतिथि शिक्षक का 7 दिन का वेतन काटने के आदेश दिए गए। इसी तरह माध्यमिक शाला जरसेना के करीब 5 अतिथि शिक्षक का वेतन काटने के आदेश हुए। इसी प्रकार प्राथमिक शाला खुदारामपुर के अतिथि शिक्षक का सात दिन का वेतन काटने के आदेश हुए। इसी तरह अन्य शिक्षकों के खिलाफ इस तरह के आदेश हुए। इस तरह कारण बताओ नोटिस,वेतन काटने, वेतन वृद्धि रोकने संबंधी आदेश निर्देश इस विभाग में हमेशा से होते आए हैं, लेकिन शिक्षा विभाग का रवैया सुधरता दिखाई नहीं दे रहा है। जबकि इससे पूर्व स्कूल मरम्मत एवं खेल गतिविधियों आदि से संबंधित कई मामले आर्थिक अनियमितताओं के भी उजागर होते रहे और नोटिस जांच तक ही कार्रवाई सिमटकर रह गई। बताते हैं कि पूर्व में जिला शिक्षा अधिकारी रहे मनीष वर्मा एवं एचएन नेमा के कार्यकाल के दौरान इस विभाग पर स्कूलों की कार्यप्रणाली पर खासा नियंत्रण रहा है। उनके कार्यकाल के बाद से स्थिति नियंत्रण से बाहर है।

# सांची में जल प्रदाय की फिर जागी उम्मीद...

### सीवरेज परियोजनाओं का निरीक्षण, कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न होने के दिए निर्देश

जागरण सांची



नगर में जल प्रदाय करने वाली कंपनी अर्बन को लेकर नगर के लोग चिंतित हैं अध्यक्ष एवं नगर परिषद द्वारा नगर में पानी की समस्या को खत्म करने को लेकर अपने तमाम प्रयास किये जा रहे हैं अर्बन कंपनी के कार्यों में गुणवत्ता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करने को लेकर आज वरिष्ठ अधिकारियों ने नगर का भ्रमण किया एवं संबंधित अधिकारियों को कार्य के संबंध में निर्देशित भी किया।

नगरीय विकास एवं आवास विभाग के उपक्रम मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी के अतिरिक्त प्रबंध संचालक दिव्यांक सिंह द्वारा निरीक्षण के दौरान सिंह ने जल प्रदाय परियोजना की डिज़ाइन का विस्तारपूर्वक अवलोकन करते हुए इसके विभिन्न घटकों का सूक्ष्म परीक्षण किया। उन्होंने परियोजना के क्रियान्वयन में गुणवत्ता, तकनीकी मानकों के पालन एवं समय.सीमा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।

इसी क्रम में उन्होंने सीवरेज परियोजना के अंतर्गत प्रस्तावित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के स्थल का भी निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा.निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि दोनों परियोजनाएं क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। अतः इनके कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। इस अवसर पर कम्पनी के प्रमुख अभियंता आनंद सिंह, परियोजना प्रबंधक सुबोध जैन, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, रामलाल कुशवाहा नगर परिषद के अध्यक्ष पप्पू रेवाराम स्थानीय निकाय के जनप्रतिनिधि, संविदाकार के प्रतिनिधि सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर-ट्राली में जा घुसी बाइक, चालक की मौत

जागरण विदिशा

शुक्रवार को दयानंदपुर में एक सड़क हो गया, जिसमें खड़ी ट्रेक्टर-ट्राली बाइक सवार जा घुसा। सड़क हादसे को देख मौके पर अफरा-तफरी मच गई। परिजन बाइक सवार को मेडिकल कॉलेज लेकर आए जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद घायल को मृत घोषित कर दिया। मृतक शादी समारोह में शामिल होने आया था और पूजन सामग्री लेने गया था।

जानकारी के अनुसार 38 वर्षीय राजा बाबू राजपूत ग्राम खमतला में शादी समारोह में आए थे। वे पूजन का सामान लेने खामखेड़ा गए थे। लौटते समय दयानंदपुर के पास वेयरहाउस के सामने सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर.ट्रॉली से उनकी बाइक टकरा गई। हादसे के बाद परिजन उन्हें तत्काल मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे, जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। परिजनों के मुताबिकए परिवार में शादी का कार्यक्रम चल रहा था। राजा बाबू पूजन सामग्री लेने गए थे, लेकिन हादसे ने खुशियों को मातम में बदल दिया।

# ओलंपस में 80 से अधिक बच्चों ने ओलंपिया कैम्प का उठाया लुफ्त, स्विमिंग बनी आकर्षण का केन्द्र

जागरण विदिशा




सागर रोड स्थित ओलंपस हाई स्कूल के समर कैम्प ओलंपिया का शुभारंभ हुआ। 80 से भी अधिक बच्चों ने इस कैम्प के पहले दिन विभिन्न गतिविधियों को चुना और अगले 20 दिन में सभी विधाओं में पारंगत होने का लक्ष्य तय किया।

स्कूल संचालक मोहित रघुवंशी ने बताया कि कैम्प में स्विमिंग सबसे बड़ा आकर्षण बच्चों को लुभा रहा है और तैराकी के साथ-साथ बच्चों ने डांस, म्यूजिक, क्राफ्ट, क्रिकेट, फुटबॉल, बैडमिंटन आदि को भी चुना है। स्कूल का ये कैंप पिछले 12 वर्षों से निरंतर प्रति वर्ष 20 दिन के लिए ग्रीष्म ऋतु में होता है, जिसमें स्वयं के स्कूल के अलावा शहर के अन्य स्कूलों के बच्चे भी भाग लेने आते हैं। बच्चों के उत्साह को इसी तरह बनाये रखने के लिए अकादमिक डायरेक्टर प्राची रघुवंशी ने सभी प्रशिक्षिकों को बधाई एवं शुभकामना दी एवं अभिभावकों को ओलंपस हाई पर विश्वास दिखाने के लिए धन्यवाद दिया।


## ई-नीलामी सूचना
## ऋण वसूली अधिकरण

भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवायें विभाग (बैंकिंग प्रभाग)
द्वितीय एवं तृतीय तल, संचार विकास भवन (BSNL बिल्डिंग), रेजीडेंसी रोड,
हेड पोस्ट ऑफिस के पास, साउथ सिविल लाईन, जबलपुर-(म.प्र.) 482001

Case No.: RC 17/2022 /ओ.ए.नं.838/2016

**ई-नीलामी क्रमांक 95 /2026**

**PUNJAB NATIONAL BANK** वि. **SHRI BAL RAM MAINA AND ANOTHER** एवं अन्य में पारित वसूली प्रमाण पत्र क्रमांक **RC No.RC 17/2022/ O.A.No.838/2016** में जारी राशि की वसूली हेतु प्रमाण पत्र **Rs.12,93,903.00 (Rupees Twelve Lakh Ninety-Three Thousand Nine Hundred Three only)** तथा उस पर **10.00** प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से दिनांक **01.12.2016** से ब्याज एवं वसूली हेतु निम्नलिखित संपत्ति ऑनलाईन ई-नीलामी प्रक्रिया के तहत वेबसाईट **https://www.bankeauctions.com** के माध्यम से की जायेगी।

**ई- नीलामी की तिथि एवं समय: 10/06/2026, समय दोपहर 12:00 से 1:00**

**सम्पत्ति की अनुसूची**

**1. Agriculture Land bearing Khasra No. 30/1 area 1.045 hectare situated at of Village Adampur, Tehsil & District-Vidisha (M.P); Property in the name Shri Bal Ram Maina S/o Shri Munshi Lal Maina**

**2. Agriculture Land bearing Khasra No. Khasra No. 30/2 area 1.077 hectare Khasra No. 30/03 area 0.271 hectare, Khasra No. 115/2 area 0.016 hectare and Khasra No. 123/2 area 0.015 hectare situated at Village Adampur, Tehsil & District- Vidisha (M.P) Property in the name of Shri Bal Ram Maina S/o Shri Munshi Lal Maina**

**प्रारक्षित मूल्य:** रूपये for Lot No. 1 Rs.9,50,400.00 (Rupees Nine Lakh Fifty Thousand Lakh Four Hundred only); for Lot No. 2 Rs.13,11,000.00 (Rupees Thirteen Lakh Eleven Thousand Only)

**विक्रय की शर्तें:-**

1. इच्छुक निविदाकर्ता वैध डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र धारक होना चाहिए। अधिक विवरण हेतु **M/s C-1 India Pvt. Ltd., Website : https://www.bankeauctions.com: Helpline No. 0124-4302020/21/22/23/24, for help a bidder in e-auction contact to Mr. Mithalesh Kumar on Mob.No. 7080804466,E-mail Id:-mpcg@c1india.com or E-mail ID : support@bankeautions.com**
2. इच्छुक निविदाकर्ता को सूचित किया जाता है कि निविदा जमा करने के पूर्व वेब साईट https://www.bankeauctions.com पे उपलब्ध नीलामी बिड प्रपत्र तथा विस्तृत नियमों व शर्तो का अवलोकन कर ले।
3. बिड केवल ऑनलाईन माध्यम से निर्धारित प्रपत्र पर पहचान पत्र की प्रति साथ संलग्न कर जमा करनी होगी (विस्तृत नियम व शर्तो का संदर्भ ले)।
4. अग्रिम जमा धरोहर राशि (ईएमडी) हेतु प्रारक्षित मूल्य की 10 प्रतिशत राशि जो रूपये for Lot No. 1 Rs.95,040.00 (Rupees Ninety Five Thousand Fourty only); for Lot No. 2 Rs.1,31,100.00 (Rupees One Lakh Thirty One Thousand One Hundred only) है, RTGS/NEFT/MONEY TRANSFER द्वारा वसूली अधिकारी, ई - नीलामी खाता, ऋण वसूली अधिकरण जबलपुर के नाम से धारित Account no. 7890303849 in the name of Recovery Officer, E-auction account, DRT Jabalpur with INDIAN BANK, CIVIL LINES BRANCH, JABALPUR. (IFSC Code:IDIB000C627) में आवश्यक रूप से जमा करनी होगी तथा उक्त राशि का प्रेषण बिड प्रपत्र में सुस्पष्ट रूप से उल्लेखित करना होगा।
5. निविदा ऑनलाईन माध्यम से दिनांक 08.06.2026 अथवा इसके पूर्व 17.00 बजे तक जमा करनी होगी।
6. ऑनलाईन माध्यम से जमा बिडप्रपत्र तथा अनुलग्नकों की प्रति वसूली अधिकारी, ऋण वसूली अधिकरण, द्वितीय एवं तृतीय तल, संचार विकास भवन (BSNL बिल्डिंग), रेजीडेंसी रोड, हेडपोस्टऑफिस के पास, साउथ सिविल लाइन, जबलपुर को प्रेषित करनी होगी तथा शीघ्र अति शीघ्र भेजने के लिए सर्विस प्रोवाइडर को सूचित किया जाता है और वह सभी नीलामी के खारीददारों की सूची एवं अन्य दस्तावेज उपलब्ध करावें।
7. ऑनलाईन नीलामी बोली प्राप्त बिड में से अधिकतम बोली से प्रारंभ होगी तथा प्रत्येक बिडवृद्धि राशि न्यूनतम रूपये for Lot No. 1 Rs.10,000.00 (Rupees Ten Thousand only); for Lot No. 2 Rs.15,000.00 (Rupees Fifteen Thousand only होगी। ऑन लाईन बिड में समय समाप्त के पूर्व बिड डालने पर सिस्टम द्वारा अपने आप 5 मिनिट का समय बढ़ता रहेगा।
8. असफल बोलीकर्ताओं की अग्रिम धरोहर राशि (ईएमडी) वसूली अधिकारी, ऋण वसूली अधिकरण, जबलपुर द्वारा उसी खाते में वापिस की जायेगी, जिससे कि उसका भुगतान हुआ है तथा इस संबंध में कोई भी पूछताछ स्वीकार्य नहीं होगी। इच्छुक निविदाकर्ता द्वारा अग्रिम धरोहर राशि (ईएमडी) जमा किये जाने के पश्चात् वे जबतक असफल बोलीकर्ता घोषित नहीं किये जाते तब तक ईएमडी राशि वापस नहीं ले सकते अन्यथा राशि जप्त कर ली जायेगी।
9. सफल बोलीकर्ता को विक्रय उसके पक्ष में घोषित किये जाने की स्थिति में, 25 प्रतिशत बोली राशि (ईएमडी राशि को समायोजित करते हुए) अगले दिन RTGS/NEFT/MONEY TRANSFER के द्वारा कंडिका -4 में उल्लेखित खाते में जमा करनी होगी।
10. सफल बोलीकर्ता को विक्रय मूल्य की शेष 75 प्रतिशत राशि, एवं विक्रय मूल्य का 1 प्रतिशत पोन्डेज शुल्क तथा रू. 10 (प्रति संपत्ति अलग अलग) सहित नीलामी के 15 दिनों के अन्दर या यदि 15 वां दिन रविवार अथवा अन्य अवकाश हो तो, 15 वें दिन पश्चात् प्रथम कार्यालयीन दिवस को उपरोक्त उल्लेखित क्रमांक 4 में दर्शित खाते में समयावधि में भुगतान करना होगा। भुगतान में चूक करने पर संपत्ति की नई विक्रय उद्घोषणा जारी करने के पश्चात् पुन: विक्रय की जायेगी। अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा उक्त राशि शासन के पक्ष में जप्त कर ली जायेगी तथा तत्पश्चात विक्रय होने वाली संपत्ति अथवा राशि के किसी अंश पर चूककर्ता बोलीकर्ता के समस्त दावे समपहृत होंगे।
11. संपत्ति **''जहां है जैसी है तथा बिना किसी शिकायत''** के आधार पर विक्रय की जायेगी।
12. संपत्ति का निरीक्षण दिनांक **25.05.2026 प्रात: 12 बजे से 16 बजे** तक किया जा सकेगा।
13. संपत्ति प्रारक्षित मूल्य से कम मूल्य पर विक्रय नहीं की जायेगी।
14. वसूली अधिकारी को किसी बोली को स्वीकृत या अस्वीकृत करने का या बिना कोई कारण बताये नीलामी को आगे बढ़ाने या स्थगित करने का निर्बाध अधिकार होगा।
15. इच्छुक निविदाकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि वे **Shri Suresh Kumar, Manager, Mob. No. 96504 72687** में उपलब्ध सम्पत्ति के स्वत्वाधिकार विलेख का निरीक्षण कर ले तथा संपत्ति की पहचान एवं विवरणी सही होने तथा प्रभारों आदि की पड़ताल कर ले। इस संबंध में वसूली अधिकारी किसी तरह से जिम्मेदार नहीं होगा। संपत्ति का विवरण बैंक द्वारा प्रदत्त दस्तावेज पर आधारित है।
16. ई-नीलामी के संबंध में विवरण **M/s C-1 India Pvt. Ltd., Website : https://www.bankeauctions.com: Helpline No.0124- 4302020/21/22/23/24, for help a bidder in e-auction contact to** Mr. Mithalesh Kumar on Mob.No. 7080804466,E-mail Id:- **mpcg@c1india.com**, E-mail ID : **support@bankeautions.com**
17. संपत्ति से संबंधित अधिक जानकारी **Shri Suresh Kumar, Manager, Mob. No. 96504 72687** से प्राप्त की जा सकती है।
18. इच्छुक निविदाकर्ता ई-नीलामी प्रक्रिया में अपने स्वयं के कार्यालय / स्वेच्छा के स्थान से बोली हेतु सम्मिलित हो सकते है। प्रत्येक निविदाकर्ता द्वारा इंटरनेट कनेक्टीविटी स्वत: सुनिश्चित करनी होगी। डी आर टी / बैंक / सेवा प्रदाता किसी भी प्रकार से इंटरनेट कनेक्टीविटी, नेटवर्क समस्या, तंत्र विक्षेप, विद्युत व्यवधान आदि के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

स्थान: जबलपुर,
दिनांक : 10.04.2026

सील

(प्रीति देसाई)
वसूली अधिकारी 1


# भगवान राम का जीवन मर्यादा और त्याग का संदेश देता है

जागरण नटेरन



नटेरन के समीपस्थ ग्राम हिनोतिया स्थित श्री सदाशिव धाम पर आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा का शुक्रवार को श्रद्धा और उल्लास के साथ समापन हो गया। कथा के अंतिम दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रभु श्रीराम के राज्याभिषेक के प्रसंग का श्रवण किया। जिसके बाद हवन.पूजन के साथ कथा की पूर्ण आहुति दी गई।

समापन के अवसर पर धाम परिसर में विशाल भंडारा प्रसादी का आयोजन किया गया। दोपहर से शुरू हुआ भंडारा देर शाम तक चलता रहाए जिसमें हिनोतिया सहित आसपास के दर्जनों गांवों के धर्मप्रेमी बंधुओं ने प्रसादी ग्रहण की।

कथा व्यास ने अंतिम दिन के प्रसंग में कहा कि भगवान राम का जीवन मर्यादा और त्याग का संदेश देता है, जिसे हर मनुष्य को अपने जीवन में उतारना चाहिए। आयोजन को सफल बनाने में स्थानीय युवाओं और ग्रामवासियों का सराहनीय योगदान रहा। आरती के पश्चात सभी भक्तों ने कतारबद्ध होकर शांतिपूर्ण तरीके से प्रसादी प्राप्त की।

# बालाजी मंदिर में हुआ भृगु जयंती का आयोजन




जागरण विदिशा

प्राचीन श्री वेंकटेश बालाजी मंदिर पर भृगु वार्य ब्राह्मण समाज के द्वारा भृगु जयंती का आयोजन किया गया। महर्षि भृगु का पूजन कर भृगु स्तोत्र पाठ समस्त ब्राह्मणों के द्वारा किया गया और समस्त लोगों के कल्याण की कामना की गई।

महर्षि भृगु ज्योतिष के महान प्रवर्तक हैं। उन्होंने भृगु संहिता जैसे ज्योतिष के महान ग्रंथ की रचना की इस अवसर पर समाज के पंचांग रचनाकार महेश व्यास, पंडित कैलाश नारायण चतुर्वेदी, पंडित श्याम चतुर्वेदी, पंडित सतीश व्यास, पंडित श्रवण व्यास, पंडित रवि चतुर्वेदी, पंडित नारायण प्रसाद शर्मा, पंडित नारायण प्रसाद भार्गव, पंडित मनोज भार्गव, पंडित बृजेश चतुर्वेदी, पंडित रघुनाथ चतुर्वेदी, मनोज नारायण शास्त्री, आशीष आचार्य, मनीष आचार्य, राम लखन, पंडित विशाल चतुर्वेदी, विकास चतुर्वेदी, सुरेंद्र भार्गव समाज के प्रमुख लोक उपस्थित थे। उक्त जानकारी पंडित संजय राजपुरोहित द्वारा दी गई।


**क्षेत्रीय कार्यालय, म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पर्यावरण परिसर, ई-5, अरेरा कॉलोनी, भोपाल**

**लोक सुनवाई के संबंध में आम सूचना**

भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की पर्यावरण प्रभाव आंकलन अधिसूचना दिनांक 14.09.2006 यथा संशोधित के प्रावधानों के तहत् सर्व संबंधितों को सूचित किया जाता है मेसर्स महेन्द्र सिंह रघुवंशी चौरावर स्टोन क्वारी -2.00 हेक्टेयर (10000 क्यूबिक मीटर प्रतिवर्ष) खसरा नं. 45/2, ग्राम चौरावर, तहसील बासौदा जिला विदिशा में प्रस्तावित स्टोन क्वारी की स्थापना हेतु पर्यावरण स्वीकृति संबंध में लोक सुनवाई हेतु आवेदन किया गया है। उक्त परियोजना से संबंधित ई.आई.ए. रिपोर्ट एवं कार्यपालक-सार का अवलोकन कार्यालय कलेक्टर भोपाल, कार्यालय जिला पंचायत विदिशा, ग्राम चौरावर, तहसील बासौदा जिला विदिशा, कार्यालय महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र विदिशा, कार्यालय जनपद जिला विदिशा, क्षेत्रीय कार्यालय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, केन्द्रीय पर्यावरण भवन लिंक रोड़ क्रमांक-3, राजयोग भवन के पास, ई-5, अरेरा कॉलोनी भोपाल मुख्यालय/क्षेत्रीय कार्यालय मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड पर्यावरण परिसर, भोपाल में कार्यालयीन समय में किया जा सकता है। उक्त परियोजना के कार्यपालक-सार की जानकारी मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के बेवसाइट www.mppcb.mp.gov.in पर भी उपलब्ध है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त परियोजना के पर्यावरणीय विषय के संबंध में कोई सुझाव विचार, टीका टिप्पणी अथवा आपत्ति प्रस्तुत करना हो वह इस सूचना के जारी होने के दिनांक से 30 दिवस के अंदर संबंधित विनियामक प्राधिकरणों (Concerned Regulatory Authority) / क्षेत्रीय अधिकारी, मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड पर्यावरण परिसर, ई-5, अरेरा कालोनी, भोपाल, के कार्यालय में कार्यालयीन समय में प्रस्तुत की जा सकती है। उक्त परियोजना के संबंध में लोक सुनवाई दिनांक 03.05.2026 दिन बुधवार को दोपहर 12:00 बजे से परियोजना स्थल ग्राम चौरावर तहसील बासौदा जिला विदिशा में आयोजित की गई है, जिसमें भी सुझाव विचार, टीका टिप्पणी अथवा आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है।

**क्षेत्रीय अधिकारी**
म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, भोपाल

**क्षेत्रीय कार्यालय, म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पर्यावरण परिसर, ई-5, अरेरा कॉलोनी, भोपाल**

**लोक सुनवाई के संबंध में आम सूचना**

भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की पर्यावरण प्रभाव आंकलन अधिसूचना दिनांक 14.09.2006 यथा संशोधित के प्रावधानों के तहत् सर्व संबंधितों को सूचित किया जाता है मेसर्स सुषमा रघुवंशी चौरावर स्टोन क्वारी - 2.00 हेक्टेयर (5000 क्यूबिक मीटर प्रतिवर्ष) खसरा नं. 35/1/2, ग्राम चौरावर, तहसील बासौदा जिला विदिशा में प्रस्तावित स्टोन क्वारी की स्थापना हेतु पर्यावरण स्वीकृति संबंध में लोक सुनवाई हेतु आवेदन किया गया है। उक्त परियोजना से संबंधित ई.आई.ए. रिपोर्ट एवं कार्यपालक-सार का अवलोकन कार्यालय कलेक्टर भोपाल, कार्यालय जिला पंचायत विदिशा, ग्राम चौरावर, तहसील बासौदा जिला विदिशा, कार्यालय महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र विदिशा, कार्यालय जनपद जिला विदिशा, क्षेत्रीय कार्यालय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, केन्द्रीय पर्यावरण भवन लिंक रोड़ क्रमांक-3, राजयोग भवन के पास, ई-5, अरेरा कॉलोनी भोपाल मुख्यालय / क्षेत्रीय कार्यालय मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड पर्यावरण परिसर, भोपाल में कार्यालयीन समय में किया जा सकता है। उक्त परियोजना के कार्यपालक-सार की जानकारी मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के बेवसाइट www.mppeb.mp.gov.in पर भी उपलब्ध है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त परियोजना के पर्यावरणीय विषय के संबंध में कोई सुझाव विचार, टीका टिप्पणी अथवा आपत्ति प्रस्तुत करना हो वह इस सूचना के जारी होने के दिनांक से 30 दिवस के अंदर संबंधित विनियामक प्राधिकरणों (Concerned Regulatory Authority) / क्षेत्रीय अधिकारी, मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड पर्यावरण परिसर, ई-5, अरेरा कालोनी, भोपाल, के कार्यालय में कार्यालयीन समय में प्रस्तुत की जा सकती है। उक्त परियोजना के संबंध में लोक सुनवाई दिनांक 03.05.2026 दिन बुधवार को दोपहर 12:00 बजे से परियोजना स्थल ग्राम चौरावर तहसील बासौदा जिला विदिशा में आयोजित की गई है, जिसमें भी सुझाव विचार, टीका टिप्पणी अथवा आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है।

**क्षेत्रीय अधिकारी**
म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, भोपाल